30 जनवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 102

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




# महाकुंभ: मौत पर भारी पड़ा आस्था का सैलाब

## ■ भगदड़ में झारखंड के दो लोगों सहित 30 की मौत की सूचना, 60 गंभीर रूप से घायल

## ■ मौनी अमावस्या पर 9 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में लगायी डुबकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मंगलवार देर रात भगदड़ मच गयी थी। इसमें झारखंड के दो लोगों सहित 30 लोगों की मौत की सूचना है। हालांकि मौत की संख्या की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। उधर, बुधवार को मौनी अमावस्या के मौके पर आस्था का सैलाब भगदड़ पर भारी रहा। घटना के कुछ ही देर बाद प्रशासन की तत्परता से स्थिति समान्य होती चली गयी। मौनी अमावस्या पर 9 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगायी। लोगों की भीड़ को देखते हुए प्रायगराज के एंट्री प्वाइंट को बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील की। योगी ने कहा कि श्रद्धालु संगम पर ही स्नान करने की नहीं सोचें। गंगा हर जगह पवित्र है। वे जहां हैं, उसी तट पर स्नान करें।

**रात करीब 1.50 बजे मची भगदड़:** प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात करीब 1.50 बजे भगदड़ मच गयी। इस हादसे में अब तक 30 लोगों की मौत की सूचना आ रही है। वहीं, 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों की संख्या भी बढ़ सकती है। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हालांकि आधिकारिक रूप से मरने वालों की संख्या अभी तक जारी नहीं की गयी है। जिन शवों की पहचान होती जा रही है, पोस्टमार्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंपा जा रहा है। खबर लिखे जाने तक 20 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके थे।

**प्रशासन ने तत्काल उठाया कदम:** प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे के बाद 70 से ज्यादा एंबुलेंस संगम तट पर पहुंचीं। इनसे घायलों और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद संगम तट पर एनएसजी कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया। संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गयी। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज से सटे जिलों में श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है। वहां प्रशासन को अलर्ट किया गया।



### साधु-संतों के साथ आम लोगों ने किया स्नान

बुधवार को मौनी अमावस्या थी। इस मौके पर साधु-संतों के साथ-साथ आम लोगों ने भी स्नान किया। प्रयागराज में बुधवार को नौ करोड़ से ज्यादा लोग पहुंचे। लोगों की भीड़ इतनी थी कि तिल रखने की भी जगह नहीं थी। मौनी अमावस्या पर सबसे पहले तीन शंकराचार्यों ने अमृत स्नान किया। इसके बाद साधु-संत छोटे-छोटे समूह में अपने इष्टदेव के साथ सांकेतिक रूप से संगम स्नान कर रहे हैं। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज रथ पर निकले। नागा साधुओं ने तलवारें लहरायीं। जयकारे लगाते हुए संगम घाट पहुंचे। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने संगम में डुबकी लगायी। हेलिकॉप्टर से संतों और श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गयी। उधर, भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में एंट्री करने वाले 8 प्वाइंट, भदोही, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, मिर्जापुर बॉर्डर को बंद कर दिया गया था। प्रशासन ने बताया कि महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या का स्नान है। इसके चलते करीब 9 करोड़ श्रद्धालु शहर में मौजूद हैं। संगम समेत 44 घाटों पर बुधवार देर रात तक 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है।

### घटना दुखद.....



‘ प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। मैं लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ संपर्क में हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



‘ भदगड़ की खबर से मन व्यथित है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ हैं। इस दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पूर्ण आशा है कि भारत सरकार इस घटना की पूरी तरह से जांच करेगी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठायेगी। हम सभी को मिलकर ऐसी त्रासदियों से सबक लेना चाहिए। भविष्य में सुरक्षा के उचित इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए, ताकि ऐसी घटना दुबारा ना हो।

- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

## पलामू की महिला और मुसाबनी के एक व्यक्ति की मौत

**पलामू/मुसाबनी (आजाद सिपाही)।** प्रयागराज महाकुंभ में मंगलवार की रात मची भगदड़ में पलामू के रेहला की एक महिला की मौत हो गयी है। वहीं इस घटना में उसके कुछ परिजन भी घायल हो गये हैं। इसमें उसकी बहन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी अमरीश पांडेय अपनी पत्नी गायत्री देवी और बड़े बेटे सहित दर्जन भर रिश्तेदारों के साथ सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ में गये थे। सभी मंगलवार को दोपहर महाकुंभ मेला में पहुंच भी गये थे। मौनी अमावस्या को प्रातः स्नान करने के लिए सभी वहीं रुक गये। रात्रि नौ बजे संगम तट किनारे सभी लोग चादर बिछा कर सो गये। इसी बीच रात में भगदड़ मच गयी। तट पर सोये लोग अनियंत्रित भीड़ की चपेट में आ गये। इसी घटना में गायत्री देवी (60) की मौत हो गयी, जबकि उनकी बड़ी बहन तेतरी देवी (62) गंभीर रूप से घायल हो गयीं। इसके अलावा मृतका के भाई राम कृपाल तिवारी और जीजा कयास दुबे भी घायल हैं। कयास दुबे गढ़वा जिला के झुरा गांव के रहने वाले हैं। मृतका का छोटा बेटा प्रयागराज के आर्मी कैंप में ही पदस्थापित है।


गायत्री देवी


शिवराज गुप्ता

इधर घटना के बाद से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। उधर, मुसाबनी सुंदर नगर के रहने वाले शिवराज गुप्ता की भी भगदड़ में दबने से मौत होने की सूचना है। उनकी पत्नी पूनम राज ने बताया कि आखिरी बार मंगलवार 11.30 बजे उनसे बात हुई थी। शिवराज झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक में कार्यरत थे। उनके दो बच्चे हैं। बेटी स्वर्णा दिल्ली और बेटा शिवम बंगलुरू में नौकरी करता है।

## कुंभ मेला से लापता हुई महिला


कदमी देवी


गीता देवी

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला के पुरना सिरका गांव निवासी भिखु करमाली की पत्नी कदमी देवी (50 वर्ष) कुंभ मेला से लापता हो गयी हैं। उनके साथ कुंभ स्नान करने गयी अन्य महिलाओं ने उनके लापता होने की जानकारी परिजनों को दी। इधर लापता की जानकारी के बाद महिला के परिजन खोजबीन के लिए प्रयागराज रवाना हो गये हैं। वहीं पोटका थाना क्षेत्र के हाता की 50 वर्षीय महिला गीता देवी का कोई पता नही चल पा रहा है जिससे उनके परिजन काफी परेशान है । इस संबंध में गीता देवी के पुत्र दीपक हेम्ब्रम ने बताया कि उसकी मां गीता देवी, पिता चैतन्य हेम्ब्रम, दादी एवं उनका भाई सोमवार 27 जनवरी को मानगो से बस में सवार होकर प्रयागराज गये थे ।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 75,800 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# प्रयागराज: भगदड़, मौत पर भारी पड़ा आस्था का महाकुंभ

- भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी लेनी होगी प्रशासन को, कठोर कदम भी जरूरी
- धर्मगुरुओं ने दिखाया सनातन क्या है, पहले लोगों की सुरक्षा, फिर शाही स्नान
- अपने परिवार वालों की सुरक्षा की जिम्मेदारी, सरकार या प्रशासन के साथ-साथ खुद की
- अमृत कलश की बूंदों का अमृत पान सिर्फ संगम में नहीं, आस-पास के घाटों पर भी वही पुण्य
- प्रयागराज के महाकुंभ में जाइये, लेकिन समझदारी और संयम का परिचय भी दीजिए



राकेश सिंह

मंगलवार को अचानक मौनी अमावस्या शुरू होने से पहले, मेरे मन में एक सवाल उठा था। चूंकि प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेला में मौनी अमावस्या के दिन माना जा रहा था कि करीब 10 करोड़ लोग अमृत स्नान करने पहुंचेंगे, मन के किसी कोने में सवाल यह उठा कि इस दिन जो भारी भीड़ प्रयागराज पहुंचेगी, उत्तरप्रदेश की सरकार और प्रशासन इसे कैसे मैनेज करेगा। पता नहीं ऐसा आभास क्यों हुआ कि इस विशेष दिन कोई अनहोनी न हो जाये, क्योंकि मौनी अमावस्या शुरू होने से पहले तक महाकुंभ मेला को योगी सरकार और उत्तरप्रदेश प्रशासन ने जिस तरह नियंत्रित किया था, वह मन को सुकून दे रहा था। लेकिन मन के किसी कोने में यह आशंका भी उठ रही थी कि कहीं योगी की इस व्यवस्था पर किसी की नजर न लग जाये। मन डरा भी हुआ हुआ था। महाकुंभ सनातन की बहुत बड़ी उपलब्धि है। करोड़ों लोगों की आस्था महाकुंभ से जुड़ी है। लेकिन बुधवार ब्रह्म मुहूर्त से पहले, रात पौने दो बजे के आसपास संगम तट पर एक स्थान विशेष पर भगदड़ मच गयी। इस भगदड़ में कई लोग मौत के मुंह में समा गये, तो कई गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। मेरा मन पहले से ही विचलित हुआ पड़ा था। सिक्स्थ सेंस वाली कोई बात होगी। जैसे ही मैं सुबह उठा और मोबाइल फोन देखा, तो पाया कि कुंभ मेला में भगदड़ मच गयी है। मैं अचानक बेड पर उठ बैठा। उस वक्त तक खबरों में बताया जा रहा था कि करीब 10 लोगों के मरने की आशंका है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर मंगलवार की रात मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए एक अनुमान के मुताबिक लगभग चार करोड़ श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गयी थी। रात करीब पौने दो बजे संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ दी और फिर देखते ही देखते भगदड़ मच गयी। कुछ ही मिनटों में स्थिति इतनी बेकाबू हो गयी कि लोग जमीन पर इधर उधर असहाय होकर चीखने-चिल्लाने लगे। श्रद्धालुओं के सामान जिधर-तिधर बिखर गये, जिससे अव्यवस्था और फैल गयी। लोग एक दूसरे को रौंदते चले गये। मेरे कुछ रिश्तेदार भी इस दौरान प्रयागराज गये हुए थे स्नान करने। मैंने अचानक उन्हें फोन लगाया, उन्होंने फोन नहीं उठाया, लेकिन थोड़ी देर बाद पता चला कि वे सुरक्षित हैं। भारी भीड़ देख उन्होंने कोई पास के घाट पर स्नान कर लिया था। वे काफी बुजुर्ग हैं। उन्हें लगा कि भीड़ में जाने से उनके साथ कोई अनहोनी न हो जाये। वीडियो में मैंने देखा कि लगातार एंबुलेंस घायलों को लेकर चिकित्सालय जा रही थी। इस दौरान योगी सरकार का ग्रीन कॉरिडोर काम आया। तुरंत प्रशासन भी एक्टिव हो गया। कुछ घंटों के भीतर स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। इलाज करने के साथ ही राहत और बचाव कार्य तेजी से बढ़ाया गया। भोर तक सभी अधिकारी स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रित करने के लिए प्रयासरत रहे। कुछ ही घंटों में स्थिति को काफी नियंत्रित कर लिया गया। अधिकारियों ने अपील की कि सभी श्रद्धालु शांति बनाये रखें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की कि स्नान जल्दी करें। स्नान के बाद जल्दी घाट खाली कर दें, ताकि भीड़ इकट्ठा न होने पाये, ताकि दूसरे श्रद्धालुओं को स्नान करने का मौका मिले। वहां पहुंचे लोगों की स्थिति यह थी कि नहा कर लोग बालू पर लेट जा रहे थे। कपड़े फैला रहे थे। नहाने के तुरंत बाद वे अपने गंतव्य पर जाने के बजाय, वहीं डेरा डाल रहे थे। फिर भीड़ तो बढ़नी तय थी।

## जान को जोखिम में मत डालिये, नहाने के लिए इंतजार कीजिए

लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि मेला में आयी भीड़ को संभालने की जिम्मेदारी किसकी है। सरकार की, प्रशासन की। या फिर महामुंभ में जानेवालों की भी कोई जिम्मेदारी होनी चाहिए। अगर मेला में अनियंत्रित भीड़ है, और लगातार आये जा रही है, लोगों को पहले से पता है कि मौनी अमावस्या के दिन भारी भीड़ होगी। प्रयागराज पहुंचे लोगों को दिख भी रहा है कि सामने भारी भीड़ है, बीच-बीच में भीड़ अनियंत्रित हो रही है, तो क्या उस भीड़ का हिस्सा बनना समझदारी है। जब लगातार प्रशासन के लोग, बार-बार अनुरोध कर रहे हैं कि बैरिकेडिंग मत तोड़िये, इससे कोई फायदा नहीं होनेवाला, तो यह बात लोगों को समझ में क्यों नहीं आयी। लोगों को पता है कि मौनी अमावस्या के दिन करोड़ों लोग प्रयागराज पहुंचने वाले हैं, तो क्या लोगों की अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं। जो लोग महाकुंभ नहाने और पुण्य का भागी बनने आ रहे हैं, क्या उनकी अपने परिवार के प्रति, बच्चे-बुजुर्गों के प्रति कोई जवाबदेही है या नहीं। उनकी सुरक्षा की पहली प्राथमिकता किसकी है। खुद परिवार के लोगों की। पुण्य का भागी बनने के लिए क्या परिवार के लोगों की बलि देना सही है। भीड़ है, रुक जाइये, मत जाइये। जान को जोखिम में मत डालिये। सबसे पहले खुद पर भरोसा करिये, फिर किसी सरकार या प्रशासन पर। मेरा भी एक दो साल का बेटा है। मुझे भी प्रयागराज महाकुंभ में जाना है, तो क्या मैं सिर्फ सरकार और प्रशासन के भरोसे कुंभ में चला जाऊं, जहां मुझे पता है कि करोड़ों लोगों की भीड़ आने वाली है और वहां पहले से करोड़ों उपस्थित हैं। मैं अगर खुद की सुरक्षा के प्रति जागरूक नहीं रहूंगा, तो कैसे कोई मेरी सहायता कर पायेगा। ईश्वर ने मानव जीवन क्यों दिया है। इसलिए दिया है कि वह किसी भी प्राणी से बेहतर सोच सकता है। मनुष्य सिर्फ अपनी नहीं दूसरे प्राणियों की सुरक्षा के बारे में भी सोचने की क्षमता रखता है, अगर चाहे तो।

## भीड़ अगर बैरिकेडिंग नहीं तोड़ती, तो हादसा नहीं होता

भगदड़ मचने से पहले जिस प्रकार से लोगों द्वारा बैरिकेडिंग तोड़ संगम पहुंचने की होड़ मची हुई थी, क्या उन्हें तनिक भी खयाल नहीं आया कि उनके साथ बच्चे भी हैं, बुजुर्ग भी हैं। जीवन मिला ही है पुण्य करने के लिए, क्या सिर्फ संगम में डुबकी लगा लेने से पुण्य की प्राप्ति हो जायेगी। आप पुण्य के भागी तभी बनेंगे, जब जीवित रहेंगे। जीवन रहेगा आप अपने कर्मों से पुण्य कमाते रहेंगे। ऐसे थोड़े है कि मौनी अमावस्या के दिन त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने से ही पुण्य की प्राप्ति होगी, आप महाकुंभ के आसपास के घाटों में अगर डुबकी लगा लेंगे, तब भी आपको वही लाभ हासिल होगा, जो संगम में डुबकी लगाने से होगा। क्योंकि पानी को अविरल बह रहा है। मान्यता है कि प्रयागराज में समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश की कुछ बूंदें गिरी थीं। बूंदें हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में भी गिरी थीं। लेकिन महाकुंभ प्रयागराज में ही होता है। लेकिन जब हरिद्वार में कुंभ मेला का आयोजन होता है, या नासिक में होता है या उज्जैन में होता है, तो क्या वहां लोग नदियों के संगम स्थल पर जाकर स्नान करते हैं, या वहां मौजूद जो पवित्र नदी है, वहां जाकर वे स्नान करते हैं और पुण्य के भागी बनते हैं। नासिक-त्र्यंबकेश्वर में गोदावरी नदी के तट पर, हरिद्वार में गंगा के तट पर और उज्जैन में क्षिप्रा के तट पर कुंभ मेला का आयोजन होता है। लोग वहां मौजूद नदी के तट पर स्नान करते हैं। प्रयाग में गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर महाकुंभ का आयोजन होता है। लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि क्या कुंभ के दौरान प्रयागराज में गंगा नदी के तट पर या यमुना नदी के तट पर स्नान करने से कम पुण्य की प्राप्ति होगी। नहीं, ऐसा कतई नहीं है। कहते हैं कि मन चंगा तो कठौती में गंगा, प्रयाग में तो संपूर्ण निर्मल गंगा की धारा बहती है। कहीं भी स्नान कीजिये और महाकुंभ का लाभ लीजिये। खुद भी सुरक्षित रहिये, परिवार को भी सुरक्षित रखिये।



## पीएम मोदी ने सीएम योगी से फोन पर की बात

प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ मेले की स्थिति के बारे में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की। पूरे मामले की समीक्षा की और तत्काल सहायता उपाय करने को कहा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएम योगी से फोन पर बात की। उन्होंने भी घटना की जानकारी ली।

## अफवाह पर ध्यान न दें : योगी

सुबह घटना की सूचना मिलने के बाद से ही सीएम योगी लगातार अधिकारियों से अपडेट लेते रहे। मुख्यमंत्री योगी ने अपील की कि श्रद्धालुगण मां गंगा के जिस भी घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। स्नानार्थियों के लिए कई घाट बनाये गये हैं, जहां सुविधाजनक रूप से स्नान किया जा सकता है। उन्होंने सभी से मेला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की। सीएम योगी ने सभी से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन के निर्देश का अनुपालन करें। व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। सीएम योगी ने तत्काल सभी अखाड़ों से बात कर तुरंत स्नान नहीं करने के लिए मनाया। इसके बाद एनएसजी कमांडो और ट्रेनी आइपीएस ने मोर्चा संभाला। चेन बना कर भीड़ को बाहर निकाला। बैरिकेडिंग के जरिये भीड़ को नियंत्रित किया। तीन घंटे के भीतर सभी के सहयोग से स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाया गया। भय और असमंजस के इस माहौल में साधु, संन्यासी, भक्त, पुलिस, प्रशासन ने मिल कर सामना किया और एक-दूसरे का सहारा बने।

## भगदड़ के बाद एनएसजी कमांडो ने मोर्चा संभाला

रात के करीब दो बजे भगदड़ मची। इसके तुरंत बाद संगम तट पर एनएसजी कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया। संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गयी। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज शहर में भी श्रद्धालुओं के आने पर रोक लगा दी गयी। इसके लिए शहर की सीमा से सटे जिलों में प्रशासन को मुस्तैद कर दिया गया। भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया।

## पुलिस ने बैरिकेडिंग शुरू कर दी

भीड़ को नियंत्रित करने और एक जगह जमा होने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गयी। सभी घाटों तक पहुंचने वालों लोगों की आवाजाही को सीमित कर दिया गया। केवल आवश्यक सेवाओं वालों को ही अनुमति दी गयी। इससे भीड़ ठहर सी गयी। हालात सामान्य होने पर बैरिकेडिंग को हटाया गया, इसके बाद आवाजाही शुरू हो सकी।

## हेलिकॉप्टर से अधिकारी निरीक्षण करने लगे

लोगों को शांत रहने, भगदड़ न मचाने और प्रशासन का सहयोग करने के लिए लाउडस्पीकर के जरिये अनाउंस किया गया। आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अतिरिक्त निकास मार्ग खोले गये। इनमें कई पांटून ब्रिज का इस्तेमाल किया गया। 16 नंबर पीपापुल को बंद कर दिया गया। हेलिकॉप्टर से अधिकारी निरीक्षण करने लगे। भगदड़ के बाद महाकुंभ की सुरक्षा और बढ़ा दी गयी।

## पुलिस ने हाथ पकड़ कर चेन बनायी

क्राउड को नियंत्रित करने के लिए ह्यूमन चेन टेक्नीक का प्रयोग कर भीड़ की दिशा बदली गयी। ग्राउंड पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए ट्रेनी आइपीएस की टीम उतारी गयी। इससे स्नान व्यवस्था सुचारू हो गयी है। महाकुंभ में भगदड़ मचने के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा अनाउंस करके भीड़ को रास्ता बताया गया। इससे श्रद्धालुओं को स्नान में आसानी हुई।

## हॉस्पिटल में डॉक्टर्स और नर्सों की संख्या बढ़ायी गयी

घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए अतिरिक्त चिकित्सा शिविर स्थापित किये गये। एंबुलेंस सेवाओं को बढ़ा दिया गया। मौके पर 50 एंबुलेंस लगायी गयी। हॉस्पिटल में अतिरिक्त डॉक्टर्स और नर्सों को लगाया गया। इससे हॉस्पिटल में स्थिति नियंत्रित रही। संगम नोज पर जहां भगदड़ मची, उसके सबसे नजदीक सेक्टर-4 का संगम चिकित्सालय है। डॉक्टरों की टीम अलर्ट थी।

## प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को रोका गया

सरकार की ओर से सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं को प्रयागराज जाने से अभी रोकें। इससे भगदड़ के हालात को कंट्रोल करने में मदद मिलेगी। इसके बाद स्पेशल ट्रेनें जहां थीं, वहीं रोक दी गयीं। बसों की आवाजाही भी बंद कर दी गयी। प्रयागराज जाने से जहां-जहां श्रद्धालुओं को रोका गया। वहां पर श्रद्धालुओं को खाने-पीने की समुचित व्यवस्था करायी गयी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं को सब्जियां, राशन का सामान, बर्तन और चूल्हा तक उपलब्ध कराया।

## संतों के लिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि

भगदड़ में हुए हादसे को लेकर सभी 13 अखाड़ों के संतों, जगद्गुरु, महामंडलेश्वरों और आचार्यों ने निर्णय लिया कि वे गाजे-बाजे के साथ अमृत स्नान नहीं करेंगे। अमृत स्नान को स्थगित किया जाये। स्नान बसंत पंचमी को होगा। यह लोगों को सुरक्षा और उनके प्रति संवेदना को ध्यान में रख कर संतों ने निर्णय लिया। यही सनातन है। संतों को लगा कि यही करना श्रेयष्कर होगा। लेकिन जैसे सूर्य प्रकट हुए, स्थितियां सामान्य हुईं, लाखों लोगों ने आस्था की डुबकी लगानी शुरू की, तब संतों ने निर्णय लिया कि ठीक वैसा ही स्नान होगा, जैसे होते आया है। उसके बाद अमृत स्नान की शुरुआत करीब 10 घंटे के बाद हुई। सभी 13 अखाड़ों के साधु-संत, संन्यासी और महामंडलेश्वर स्नान करने संगम नोज पर पहुंचे। मौनी अमावस्या स्नान पर्व के मौके पर तीनों शंकराचार्यों ने पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा की डुबकी लगायी। अमृत स्नान के दौरान साधु, संतों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी।

## सनातन की आस्था अपराजेय

महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन पर शाम तक स्नान का कुल आंकड़ा नौ करोड़ तक पहुंच गया। इसमें पिछले 16 दिनों की 20 करोड़ की संख्या को जोड़ा जाये तो यह डाटा 29 करोड़ तक पहुंच गया है। कुंभ मेला में भगदड़ के बावजूद मौनी अमावस्या पर नौ करोड़ लोगों के स्नान ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। यह कुंभ मेले के इतिहास में किसी भी एक दिन श्रद्धालुओं के स्नान की सबसे बड़ी संख्या है। इससे पहले मकर संक्रांति को 3.5 करोड़ और मौनी अमावस्या के एक दिन पहले 28 जनवरी को 5 करोड़ लोगों ने संगम स्नान किया था।

## 1954 के कुंभ में मारे गये थे पांच सौ लोग

अगर कुंभ की बात की जाये, तो साल 1954 में प्रयागराज (उस समय के इलाहाबाद) में सबसे बड़ा हादसा हुआ था। 14 फरवरी 1954 को कुंभ के दौरान भगदड़ मचने से पांच सौ लोगों की मौत हो गयी थी। दूसरी बड़ी घटना भी इलाहाबाद कुंभ की है। साल 2013 में ट्रेन का इंतजार करते हुए श्रद्धालुओं की इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 35 लोगों की मौत हो गयी थी। इस भगदड़ की वजह यह थी कि एक ट्रेन का प्लेटफॉर्म ऐन समय पर बदल दिया गया था, जिसकी वजह से यात्रियों में पैनिक हो गया और वे किसी भी हालत में ट्रेन पकड़ने के लिए भागमभाग करने लगे, जिसकी वजह से भगदड़ मच गयी।



www.epaper.azadsipahi.in

30 जनवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 102

प्रधानमंत्री ने उत्कर्ष ओड़िशा 2025 में एमसीएल की प्रदर्शनी का दौरा किया



# निर्माण कार्य श्रेणी में जीएसटी 12 से बढ़ा कर 18 फीसदी की गयी

**कैबिनेट की बैठक में दी गयी मंजूरी, छह प्रस्ताव पारित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें निर्माण कार्य श्रेणी की जीएसटी दर 12 की जगह 18 फीसदी करने का निर्णय लिया गया। इस परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत कार्य संविदाओं में भुगतान और अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने कुल छह प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी दी।

**शिक्षकों-छात्रों को किया जायेगा सम्मानित:** राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थाओं को सरकार सम्मानित करेगी। कैबिनेट ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके तहत झारखंड स्टेट हायर एजुकेशन अवॉर्ड स्कीम के तहत शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा कुल नौ पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इसके तहत छात्र वर्ग में झारखंड राज्य शोध रत्न, शिक्षक वर्ग में झारखंड राज्य शोध रत्न जैसे पुरस्कार दिये जायेंगे।



## सेवा से बर्खास्त करने का फैसला

कैबिनेट ने रांची में पदस्थापित झारखंड प्रशासनिक सेवा के तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। मतियस विजय टोप्पो वर्तमान में हजारीबाग के निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन जिला ग्रामीण अभिकरण के पद पर हैं। इन पर धारा 71 ए के तहत पद का दुरुपयोग कर ऐसे मामले, जिसमें 1969 के पूर्व भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य नहीं हुए थे, उसका बिना किसी समुचित जांच के आदिवासी जमीन की क्षतिपूर्ति के आधार पर भूमि के अवैध हस्तांतरण का आरोप है।

## कैबिनेट के अन्य फैसले

- राज कुमार राम, सेवानिवृत्त पदचर की सेवा नियमित एवं संपुष्ट किये जाने एवं अनुमान्य वित्तीय लाभ दिये जाने की स्वीकृति।
- हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केंद्र, जमशेदपुर से सेवानिवृत्त वरीय अनुदेशक विजय कुमार ठाकुर की सेवा नियमित करते हुए पेंशनादि लाभों को देने की मंजूरी।

# मोदी सरकार ने इथेनॉल की नयी कीमत तय की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिये गये हैं, जो न केवल किसानों के लिए फायदेमंद होंगे, बल्कि देश के कृषि और खनिज क्षेत्र में भी बड़े बदलाव लायेंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों के बारे में जानकारी दी। इनमें से एक फैसला किसानों के लिए राहतकारी है, जबकि दूसरा कृषि और अन्य महत्वपूर्ण सेक्टरों में बदलाव लाने वाला है। इन फैसलों से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी और इससे संबंधित क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम उठाये जायेंगे। कैबिनेट का पहला बड़ा फैसला इथेनॉल के लिए संशोधित कीमतों से संबंधित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों पर कैबिनेट कमेटी ने इथेनॉल की खरीद के लिए नयी कीमतों को मंजूरी दी। ये संशोधित कीमतें एक नवंबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 तक लागू होंगी। इस फैसले का सबसे बड़ा फायदा किसानों को होगा, क्योंकि यह उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद करेगा। साथ ही यह देश की कच्चे तेल पर निर्भरता को भी कम करेगा और विदेशी मुद्रा की बचत करेगा। इसके अलावा है। इस मिशन के तहत सरकार ने 16 हजार 300 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी है, जबकि सरकारी कंपनियों से 18 हजार करोड़ रुपये तक का निवेश अपेक्षित है। इस मिशन का उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स की बेहतर वैल्यू चेन स्थापित करना है, जो ग्रीन टेक्नोलॉजी के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को हेमंत सरकार ने दी जमीन

**मुख्यमंत्री ने कहा देश और दुनिया में हमारी बेटियों ने अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया**

**दोनों खिलाड़ियों को घर बनाने के लिए राज्य सरकार 35-35 लाख रुपये भी देगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी में राज्य एवं देश का नाम रोशन करने वाली ओलंपियन खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को रांची के हरमू में भूखंड आवंटन के कागजात सौंपे। इन दोनों स्टार हॉकी खिलाड़ियों को हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नंबर-10 (बी) तथा 10 (ए) में 3750-3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के लिए दी गयी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों को सम्मानित किया जा रहा है। हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। पिछले कई दशकों से झारखंड की बेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अलग पहचान बनायी है।

**सरकार का खेल पर फोकस:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने खेल पर फोकस करते हुए नया रास्ता तलाशने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने रांची में हॉकी के अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ-साथ कई बड़ी-बड़ी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन से यहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिल रहा है।

**राज्य सरकार ने वादा पूरा किया:** हेमंत सोरेन ने कहा कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को रांची में भूखंड देने का निर्णय हमारी सरकार ने ही लिया था। आज ये वादा हम पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों को घर बनाने के लिए राज्य सरकार खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपये उपलब्ध करायेगी।

**मेहनत हमेशा रंग लाती है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों ने हमें यह सिखाया है कि मेहनत हमेशा रंग लाती है। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता है। मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं से अपील की कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर परिश्रम, त्याग और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है तभी सर्वोच्च स्थान पर पहुंचा जा सकता है। आप सभी जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, एक निर्धारित लक्ष्य के साथ आगे बढ़े हमारी सरकार सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी।

**हमारी सरकार ने बेहतर खेल पॉलिसी बनायी:** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों ने विगत कई वर्षों से अपने प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन किया है। हमारी सरकार ने राज्य में एक बेहतर खेल पॉलिसी बनाकर खिलाड़ियों को हर संभव मदद और प्रोत्साहित कर रही है। कई राज्य अपने सीमित संसाधनों की वजह से जाना जाता है, इन्हीं सीमित संसाधनों से संघर्ष के रास्ते इन राज्यों ने अपनी अलग पहचान भी बनायी है। इस अवसर पर सलीमा टेटे और निक्की प्रधान ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथिगणों द्वारा दोनों खिलाड़ियों के कोच, माता-पिता सहित अन्य परिजनों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यटन, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक राजेश कच्छप, विधायक भूषण बाड़ा, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## राज्य की पहचान बेहतरीन खिलाड़ियों से भी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बात सही है कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य विभिन्न चुनौतियों से गुजरा, लेकिन अब इस राज्य को हमारी सरकार एक बेहतर दिशा की ओर आगे बढ़ा रही है। झारखंड सिर्फ खनिज संपदाओं के लिए ही पहचाना जाता था। हमारा मानना है कि हमारी पहचान सिर्फ खनिज संपदाएं नहीं बल्कि एक बेहतर मानव संसाधन एवं स्टार खिलाड़ियों के रूप में भी हो। यही कारण है कि हमारी सरकार ने यहां के युवाओं और खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियों का निर्धारण किया है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
हाशिम खान
उप मुखिया
ककरचोली पंचायत
प्रखंड जयनगर (कोडरमा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
कल्पना कुमारी
प्राचार्या
टी.एस.एम. एजुकेशन एकेडमी नईटांड
प्रखंड जयनगर (जिला कोडरमा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
जिला
परिवहन पदाधिकारी
कोडरमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
नवीन कुमार
उर्फ बबलू
डोमचांच

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
प्रेम कुमार
थाना प्रभारी
डोमचांच थाना
कोडरमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
रमेश प्रसाद यादव स्नातक महाविद्यालय
डोमचांच, कोडरमा
महाविद्यालय में विषय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, मानवविज्ञान, समाजशास्त्र एवं वाणिज्य की पढाई जारी है।
डॉ. प्रवीण कुमार मेहता, प्राचार्य

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
राजेश राज उर्फ
श्री राज मेहता
डोमचांच

INSPIRED VISION SCHOOL
A Complete English Medium Co-Educational School Based on CBSE Curriculum
Classes Pre-Nursery to +2 Level
Admission Open for 2025-26
Free Admission
Contact us
9560264227
8252512953
गणेश कुमार राणा– निदेशक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
प्रेमचंद साव
समाजसेवी
डोमचांच

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
विजय कुमार
पंचायत समिति सदस्य
बगडो, डोमचांच

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
कपिल साव
समाजसेवी
डोमचांच, कोडरमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
भागीरथ सिंह
घटवार
भाकपा माले नेता सह
जिला सचिव
घटवार घटवाल महासभा युवा मोर्चा
कोडरमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञान भारती+2 उच्च विद्यालय,परसाबाद
– प्रखण्ड जयनगर,जिला कोडरमा (झारखंड) –
कक्षा नर्सरी से +2 तक, आवासीय सह शिक्षा
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
अरूण कुमार यादव
निदेशक
ज्ञान भारती+2 उच्च विद्यालय
प्रखण्ड जयनगर, जिला– कोडरमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. संदीप कुमार
BHMS
जगन्नाथ होमियो क्लिनिक
सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, जयनगर
डोमचांच रोड, नियर महाराष्ट्र बैंक, कोडरमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कौशर खान अध्यक्ष
लक्ष्मण राणा सचिव
ज्ञानचंद मोदी –कोषाध्यक्ष
ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन, जयनगर प्रखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सकलदेव यादव
प्राचार्य
सर्वोदय उच्चविद्यालय,
सतडीहा, प्रखंड जयनगर,
कोडरमा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. मुस्ताक खान
निदेशक
नेशनल पब्लिक स्कूल
परसाबाद
सीबी,सई से मान्यता प्राप्त
आवासीय सुविधा, आधुनिक प्रयोगशाला यातायात के लि, वाहन सुविधा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामदेव प्रसाद यादव
निदेशक
प्रो.दशरथ प्रसाद राणा
प्राचार्य
आदर्श शिशु + 2 उच्च विद्यालय, बाघमारा
सीबी,सई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त, आवासीय सुविधा, यातायात सुविधा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इरशाद आलम
पंचायत समिति सदस्य
प्रतिनिधि, नईटांड
निवेदक– शहानाप्रवीण
पंचायत समिति सदस्य, नईटांड

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र बरकट्ठा अंतर्गत खैरा पंचायत कारीचट्टान में एक व्यक्ति की मौत हो गयी है बता दे कि राहगीरों ने देखा कि एक व्यक्ति खैरा बरकट्ठा रोड कारीचट्टन के सामने सड़क पर बाइक पड़ा हुआ है। सामने खून के धब्बे थे बगल में एक मोटरसाइकिल पल्सर जो वहीं खड़ा था ग्रामीणों ने इसकी सूचना टाटीझरिया थाना और स्थानीय मुखिया को दिया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि यह चुरचू का रहने वाला है परिजनों को सूचना मिल गयी है, आवेदन आने पर कानूनी प्रक्रिया किया जायेगा यह घटना कैसे घटी अभी पता नहीं चल पाया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## अयोध्या प्रसाद मेहता की पुण्यतिथि पर यज्ञ का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के दीपू गढ़ा हाउसिंग बोर्ड स्थित आवास में इचाक प्रखंड के पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता के प्रथम पुण्यतिथि पर एक कुंडिय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। उनके बड़े पुत्र दिनेश कुमार और छोटे पुत्र विकास कृष्ण चंद्र ने हवन कर आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उसके बाद उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। विकास कृष्ण चंद्र ने बताया कि मेरे पिता अयोध्या प्रसाद मेहता प्रखंड के प्रमुख रहने के साथ ही क्षेत्र के लोगों के बीच रहे और दु:ख सुख में भागीदारी निभाये। आज उनकी कमी परिवार के साथ ही समाज को भी खल रही है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, समाजसेवी बटेश्वर मेहता, डॉक एपी सिंह, विद्यार्थी दयाशंकर मेहता, संतोष प्रसाद, राधिका प्रसाद मेहता, परमेश्वर प्रसाद मेहता, पूनम देवी, पूर्व उप प्रमुख चंद्रदेव मेहता, जयनंदन मेहता, पूर्व मुखिया डेग नारायण मेहता, निरंजन कुमार, प्रदीप मेहता, हेमंत कुमार, कंचन मेहता समेत कई शामिल थे।

## पूर्वी मंडल भाजपा की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पूर्वी मंडल भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन महापर्व के तहत चल रही सदस्यता अभियान पर चर्चा की गयी। मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने कहा की हर हाल में बीजेपी सक्रिय सदस्य बनाने के लिए 50 सदस्य रेफरल कोड माध्यम से हर कार्यकर्त्ता को बनाना ही पड़ेगा जो कार्यकर्त्ता 50 सदस्य नहीं बनाते है तो उन्हें सक्रिय सदस्य से बंचित रहना पड़ेगा। हजारीबाग सांसद हजारीबाग मनीष जायसवाल के द्वारा 101जोड़ी सामूहिक शादी महाकुम्भ में हर पंचायतो से कम से कम एक वाहन सवारी से शादी महाकुम्भ में शामिल होने का निर्णय लिया गया। मौके पर महामंत्री गोविन्द महतो, चानो मुखिया प्रतिनिधि डुमरचंद महतो, तुलसी सिंह, विनोद साव, अर्जुन यादव, जीतन साव, पंकज कुमार, कृष्णा राम, दिनेश अग्रवाल, सुरेंद्र गंझु, जानकी महतो, छोटेलाल यादव, पोखन राम, उमेश मंडल, गोविन्द महतो, नितीश कुमार आदि उपस्थित थे।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड के डांटोखुर्द पंचायत अंतर्गत ग्राम डांटो बाजार से आराभुसाई तक जाने वाली मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस बहुप्रतीक्षित सड़क का निर्माण 66,06,559 की लागत से किया जायेगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हमारा संकल्प है कि हजारीबाग क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाये। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचें, यह हमारी प्राथमिकता है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जिससे विकास के नए द्वार खुलेंगे। आने वाले समय में हम इसी तरह क्षेत्र के अन्य गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव, मुखिया नारायण साव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता, पूर्व मुखिया अशोक राणा, सुंदर मुंडा, पूर्व मुखिया दिलीप रविदास, प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।

## श्री राम जीवन बीमा कंपनी कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव रेंज ऑफिस के पास श्री राम जीवन बीमा कंपनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि बिहार झारखंड के बिजनेस हेड शक्ति नाथ श्रीवास्तव कंपनी के झारखंड के आरएम समीर कुमार सरकार ने संयुक्त रूप से फीता काट और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि श्री राम बीमा कंपनी का जितना प्रचार प्रसार होगा उतना ही सुविधा मिलेगा। इस कंपनी के खुलने से क्षेत्र के लोगों को जीवन बीमा करने में कंपनी का बड़ा ही सराहनीय योगदान होगा। इसके लिए के फूलचंद कुमार को बधाई देते हुए कहा कि कंपनी के विस्तार के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक बनाकर के उन पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी गयी है। आप दिन-रात मेहनत करें अधिक से अधिक लोगों को कंपनी में जोड़कर लाभ पहुंचायें। कंपनी के हेड इंचार्ज शक्ति नाथ श्रीवास्तव ने कहां की श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है जो गांव देहात में आम आदमी का बीमा करता है। जिसके कारण भारत की सभी बीमा कंपनियों में 5वां स्थान है। अब इस शाखा के माध्यम से बीमा की किया जायेगा और बेरोजगार युवकों को कार्य भी प्रदान करेगी। हमारी कंपनी अन्य कंपनियों से अधिक सुविधा श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य करेगी। इसके लिए हमारी टीम कार्य करेगी। इस अवसर पर बड़कागांव मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, मुखिया अनिकेत नायक, लीलाधन साव, उपेंद्र कुमार, कामेश्वर महतो, घनश्याम कुमार, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष पंकज शाह, उपेंद्र साहू नागेश्वर कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

# बारूद लदे ट्रक में आग लगने से भगदड़, दर्जन भर लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** केरेडारी टंडवा रोड स्थित बड़कागांव डेली मार्केट के पास बीजीआर कंपनी के बारूद भरी ट्रक (जे एच 01 ए बी 0201) में अचानक आग लग गयी। जिससे भगदड़ मच गयी। ट्रक में आग लगने की खबर सुनकर बाजार में खरीद बिक्री कर रहे लोग भागने लगे। कई दुकानदार भी दुकान बंद करके भागने लगे भागने के क्रम में दर्जनों लोग गिरने पड़ने से चोटिल हो गये। चालक व खलासी और स्थानीय नागरिकों के सूझबूझ से बड़कागांव डेली मार्केट, शहर जलने और बड़े हादसा घटना घटने से बच गया। जितेंद्र विश्वकर्मा, गौतम ठाकुर, मन्नू पासवान ने बताया कि केरेडारी टंडवा की ओर से यह ट्रक आ रही थी। 4:30 बजे शाम में ट्रक में आग और धुएं दिखायी दिया। चालक को बोलकर तुरंत ट्रक रुकवाया। बालू और पानी से स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का काम किया। उक्त घटना की सूचना दुकानदार मन्नू पासवान ने बड़कागांव पुलिस को दी। सूचना पाकर घटना स्थल पर बड़कागांव पुलिस पहुंची। अग्नि शमन वाहन बुलाया गया। तब आग पर काबू पाया गया। बारूद भरी ट्रक में आग लगने से बारूद की गैस से आसपास के क्षेत्र प्रदूषित हो गया। जिससे कई लोगों को सांस लेने में दिक्कतें होने लगे। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। इस संबंध में बड़कागांव थाना में मामला दर्ज किये जाने की तैयारी चल रही थी।



### ग्रामीणों ने जताया विरोध

टुक नारायण साव, मुरली साव, कमलनाथ गिरी, राजेंद्र विश्वकर्मा अर्जुन विश्वकर्मा ने कहा कि अगर हम ग्रामीण आग को नहीं बुझाते तो बड़कागांव की अधिक आबादी बड़े हादसे के शिकार हो जाती। दर्जनों आकर्षित ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा विस्फोटक सामग्री भरे हुए वाहन भीड़ भाड़ वाले शहर की ओर से निर्यात आयात का विरोध किया और मांग किया कि भीड़ भाड़ शहर वाले रोड से इस तरह विस्फोटक सामग्री लेकर गुजरने वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगे।

**चालक ने क्या कहा**

ट्रक के चालक शंकर कुमार, उप चालक विकास कुमार ने बताया कि वह केरेडारी के एनटीपी के अधीनस्थ बीजीआर कंपनी का बारूद लेकर रांची जा रहे थे 4:30 बजे शाम में बड़कागांव के लोग रोक कर मुझे आग लगने की सूचना दी। तब मैं और खलासी गाड़ी रोक कर आग बुझाने का प्रयास किया। आगे चालक ने बताया ट्रक में 150 पेटी बारूद मौजूद था।

## डीसी ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिये कई निर्देश

# बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराने में कोताही नहीं बरतने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्यान भोजन और यूनिफॉर्म डिस्ट्रीब्यूशन के संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गयी। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया।



**विद्यार्थियों का अपार आइडी बनाने का निर्देश :** बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड प्रसार पदाधिकारियो को विद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। साथ ही सभी प्रखंड प्रचार पदाधिकारी को यूडेस ईडी में ससमय डाटा भरने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जीनमे किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने और उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने और 50 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया।

## सरस्वती पूजा को लेकर मरकच्चो में शांति समिति की बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा को लेकर मरकच्चो थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अद्यक्षता प्रमुख विजय कुमार सिंह की। जबकि संचालन मुखिया रणजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में मरकच्चो पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, भाजपा जिला महामंत्री बिजय यादव, मुखिया रणजीत सिंह, एसआई गोविंद सिंह, विशाल सिंह, एएसआई मदन मोहन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्या की देवी है वह अनुशासन में रहने की सीख देती है, इसलिए हमें पूजा पाठ अनुशासन में रहकर ही करना चाहिए। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने कहा कि मरकच्चो बराबर से कौमी एकता का मिसाल पेश करता आया है और हमें आशा है यह मिसाल आगे भी जारी रहेगा। बीडीओ हुलास महतो ने कहा कि पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव व जनप्रतिनिधि पूजा के दौरान कड़ी निगरानी रखेंगे। थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने कहा कि पूजा के दौरान अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। डीजे नहीं बजाना है। बैठक को पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, भाजपा जिला महामंत्री बिजय यादव, मुखिया रंजीत सिंह, सुनील यादव, तौकीर आलम,डॉ सदानन्द वर्मा, सियाराम यादव, सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा, जाकिर हुसैन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मुखिया सुनील यादव, दिवाकर तिवारी, मकबूल आलम, प्रमोद यादव, अफजल मियां, अनेशर सिंह, दीपक कुमार, राजेश पासवान, करीम अंसारी, अमजद अंसारी, एसआई गोविंद सिंह, विशाल सिंह, तौबिस केरकेटा, एएसआई एम एम शर्मा, रामबली सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा 3 फरवरी को होगी: बसंत शास्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** माघ माह के प्रमुख त्योहारों में से एक बसंत पचंमी का पर्व जिसे हम सरस्वती पूजा के नाम से जानते हैं। इस दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती का जन्म हुआ था। मां सरस्वती का रुप बहुत निराला है। मां के हाथों में पुस्तक, वीणा, और माला है जो श्वेत कमल पर विराजमान हैं। इस दिन मां सरस्वती की आराधना और पूजा-अर्चना की जाती है। मां सरस्वती ज्ञान के साथ-साथ संगीत, कला, विज्ञान और शिल्प कला की भी देवी हैं। इसीलिए इस दिन को श्री पंचमी, माघ पंचमी या सरस्वती पूजा या बसंत पंचमी के नाम से भी जान जाते हैं। साल 2025 में सरस्वती पूजा की तिथि को लेकर लोगों में बहुत संशय हैं। दिनांक 2 या 3 फरवरी किस दिन कर सकते हैं सरस्वती पूजन इस विषय पर वैष्णवी आश्रम के आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने शास्त्र निर्देश देते हुए बताया कि बसंत पंचमी का पर्व माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ पञ्चाङ्ग के अनुसार से 2 फरवरी 2025 को उदया तिथि चतुर्थी होने के कारण 2 फरवरी को सरस्वती पूजा करना अमान्य होगा। इसलिए 3 फरवरी 2025 सोमवार को पंचमी का मान्य है।



# कोडरमा में लूट के मामले में दो गिरफ्तार

**बैंक से पैसा निकाल आ रहे एक वृद्ध से की थी लूट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया थाना अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया शाखा से रुपये निकालकर जा रहे एक वृद्ध व्यक्ति से सिढ़ी से उतरने के क्रम में कुछ नशीले पदार्थ सुंघाकर कुल 57 हजार 500 के लूट के घटना को अंजाम देने की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि इस घटना के संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 27/2025, धारा-309 (4) भारतीय न्याय संहिता दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना 23 जनवरी की है। काण्ड की गंभीरता को देखते हुए कांड का उद्भेदन और अज्ञात अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा थाना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा गहन अनुसंधान और पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को मिली गुप्त सूचना और तकनिकी साक्ष्य के आधार पर कांड में संलिप्त 2 अपराधकर्मी को बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिला के ब्रह्मपुरा थानान्तर्गत इमली चट्टी, सरकारी बस स्टैण्ड के समीप अशोका होटल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने स्वीकोरोक्ति बयान में इस घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार किये है और ये दोनों बिहार गया के टावर चौक के पास भी 20 हजार छीनतई की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किये है। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजकुमार साह, उम्र 23 वर्ष, पिता-बब्लु साह उर्फ धमेन्द्र गुप्ता, साकिन मिरजानहाट मस्जिद के पास, मुर्तजाचक जगदीशपुर, थाना-बाबरगंज, जिला-भागलपुर (बिहार), आशिष साह, उर्फ खोनवा, उम्र 40 वर्ष, पिता स्व० जगदीश साह, साकिन-वारसलीगंज मलिकपुर, नियर-ठाकुरबाड़ी, थाना-मुजाहिदपुर, जिला-भागलपुर (बिहार) शामिल हैं। दोनों अभियुक्तों के पास से कुल 65640 रूपया, मोबाईल 2, बैंक ऑफ इंडिया का 1 एटीएम कार्ड, एक आयकर कार्ड, दो आधार कार्ड, घटना के समय पहना हुआ चेकदार फुल शर्ट एक जब्त किया गया। छापामारी दल में पुनि विनय कुमार प्रभारी तिलैया थाना, पुअनि कृष्ण कान्त यादव और सशस्त्र बल के जवान, पैंथर की भूमिका रही।




### धोखाधड़ी के मामले में ठेकेदार गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कोडरमा में 81 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में ठीकेदार संजीव कुमार (पिता सुखदेव यादव, दूधीमाटी) को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया। दूधीमाटी निवासी और आरोपी के मामा राजकुमार यादव ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया था। इसमें कहा गया था कि एक लाख के चेक को 81 लाख का बनाकर रुपये की निकादि कर ली गयी। कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया संजीव यादव पर एक साल पूर्व उक्त कांड के तहत मामला दर्ज किया गया था तब से वह फरार चल रहा था। थाना प्रभारी अरविंद कुमार के अनुसार पुलिस की नजरो में श्री यादव फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया गया। उसपर एसपी के फर्जी हस्ताक्षर कर अपना आचरण प्रमाण पत्र बनाने का भी आरोप है। कोडरमा के ठीकेदार और भाजपा से जुड़े संजीव कुमार ने फर्जी हस्ताक्षर का प्रयोग अपना आचरण प्रमाण पत्र बनाने व उसका उपयोग लघु सिंचाई विभाग में निविदा में किया था। इसकी शिकायत मिलने के बाद कोडरमा एसपी कार्यालय के द्वारा कोडरमा थाना में एक मामला दर्ज कराया गया था।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन विभाग की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत श्री कृष्ण विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स थी। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय प्रशासक एसपी सिन्हा ने बुके देकर किया। जिसके बाद मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के बच्चियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान के बाद विद्यालय के बच्चों और बच्चियों ने सड़क सुरक्षा पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी को यातायात के नियमों की जानकारी दी। विद्यालय परिसर में जिला परिवहन विभाग के द्वारा बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने तीन विजेताओं को विभाग की तरफ से पुरस्कार प्रदान किया। सभी उपस्थित बच्चों शिक्षकों और विद्यालय कर्मचारियों को यातायात नियमों से संबंधित शपथ दिलायी। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों के माध्यम से सभी अभिभावकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी। परिवहन विभाग द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रौनक अग्रवाल (कक्षा 12वीं विज्ञान) द्वितीय पुरस्कार राधिका चंदेल कक्षा नवम) और तृतीय पुरस्कार निशु कुमारी (कक्षा नवम) को मिला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने जिला परिवहन विभाग द्वारा आयोजित जीवन की सुरक्षा से संबंधित ऐसे आयोजन के लिए मुख्य अतिथि मनीषा वत्स का आभार प्रकट किया और बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

## चंद्रभान स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामगढ़, में मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मुफ्त दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में दंत चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम ने छात्रों की दंत स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक उपचार प्रदान किया। शिविर में दांतों की जांच कर उपचार हेतु कई प्रकार की दवाइयां और सलाह भी दिये गये। प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने कहा कि हमारा विद्यालय हमेशा से अपने छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देता आया है। यह मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर हमारे इसी प्रयास का एक हिस्सा है। शिविर में लगभग 110 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। विजडम डेंटल केयर की ओर से मुफ्त शिविर का आयोजन किया गया था। मौके पर डॉक्टर कविता बेदी और पूजा शर्मा ने कहा कि हमें विद्यालय के साथ मिलकर यह मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर आयोजित करने में गर्व है। हमारा उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को दंत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। शिविर के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी चिकित्सकों को धन्यवाद दिया। मौके पर वरिष्ठ आचार्य भोलानाथ घोष, अंजू कुमारी, शालू कुमारी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सरस्वती की प्रतिमा को पूरा करने की तैयारी जोरों पर



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय कुंदा में कारीगरों के द्वारा सरस्वती पूजा को लेकर सरस्वती मां की मूर्ती बनाने के लिए तैयारी जोरों से किया जा रहा है, कारीगर सकलदेव प्रजापति ने बताया की 6 वर्षो से मैं कुंदा कृष्णा गुप्ता के मकान के बगल में रहकर मिट्टी की मूर्ती बनाकर मशीन से सुंदर रूप में पेंटिंग और सजावट करते है, जैसे-जैसे सरस्वती पूजा का समय नजदीक आते जा रहा है। माता की मूर्ती को सजावट में कोई कमी नहीं होने देंगे। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों माता की पूजा-अर्चना बहुत ही धूम धाम से करते है, माना जाता है की माता की पूजा से पढ़ने वाले विदार्थी के शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति होती है, और आगे चलकर शिक्षा के क्षेत्र में उनका जिदंगी के लिए एक अच्छे जॉब मिलती है जिससे उनके सुख साधन के उपलब्धि होती है, मैं एक से एक सुंदरता के साथ मशीन के द्वारा पेंटिंग कर रहे हैं, और मेरे पास से मूर्ती ले जाकर सरस्वती मां की पूजा-अर्चना धूम धाम से किया जाता है। मैं अपना घर जोगियारा से आकर कुंदा में रहकर अपने बेटे के साथ एक से एक सुंदरता वाला माता की मूर्ती को सजावट के साथ तैयार कर रहे है।

## कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 9 विद्यालय के रसोईया ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सीआरसी स्तर पर चयनित विद्यालय के रसोईया ने भाग लिया जिसके द्वारा एक से एक बढ़कर व्यंजन निर्णायक मंडल के बीच परोसा गया जिसमें चावल, दाल, अंडा करी, पनीर, आलू गोभी, आलू मटर ,सलाद, रागी के लड्डू आदि बनाया गया। वही निर्णायक मंडल के द्वारा चने के पश्चात विद्यालय मुस्लिम टोला दोनैया के रसोईया सजदा खातून और असमुनिया खातून को विजेता घोषित किया गया जबकि मध्य विद्यालय मार्चोई के रसोईया रुणा देवी, किरण देवी और गुड्डी देवी को उप विजेता घोषित किया गया। जिला स्तर पर आगामी 8बफरवरी को कुकिंग प्रतियोगिता में प्रखंड का नेतृत्व करना है। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से मध्य विद्यालय मीरगंज, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रेगनिय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय माधोपुर, प्राथमिक विद्यालय बाद, मध्य विद्यालय बासोडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय समलडीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजनटोला अम्बाबाद ने भाग लिया। मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर शिरीन बनो, मोहम्मद रिजवी हसन, प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय, बीआरपी मोहम्मद शहजाद आलम, वीरेंद्र प्रसाद यादव, सीआरपी संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, आर टी बजरंगी सिंह, सुजीत कुमार, एम डी एम प्रभारी कारण कुमार, अनुसेवक विनोद कुमार, जवाहर प्रसाद अकेला मौजूद थे।

## पाइप चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंगार और दोनैया से चोरी हुए ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना की पाइप की चोरी मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को धनबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के अपराध में प्रयुक्त वाहन व चोरी का सामान बरामद करने को लेकर पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। गठित टीम ने तकनीकी संसाधनों की मदद से 4 आरोपी को गिरफ्तार किया चोरी के पाइप बरामद को लेकर आरोपी से कड़ी पूछताछ कर जांच कर रही है।

# हादसों का कारण जानने डीटीओ ने किया टोल प्लाजा का निरीक्षण

**दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में लगायें साइनेज बोर्ड, दुर्घटना में आयेगी कमी: मनीषा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी और पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुट्टूपालू घाटी निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने टोल और एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

वहीं उन्होंने उपायुक्त के द्वारा बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में सीसीटीवी कैमरा, साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व और घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। वहीं उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस को लेकर जागरूक किया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंदन कुमार वत्स, यातायात पुलिस कर्मी, टोल प्लाजा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।


## पूर्व मध्य रेल

**ई ऑक्शन सूचना सं. : Catering -16-25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा पाँच (05) वर्षों की अवधि के लिए धनबाद मंडल के अंतर्गत GMU और SMU के लिए A1 और D श्रेणी स्टेशन पर खान–पान सेवा के लिए ई ऑक्शन आमंत्रित किया जाना है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | ठेके का प्रकार | लॉट संख्या | स्टेशन | श्रेणी | पी.एफ.नंबर | स्टाल नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खान–पान सेवा | DHN-BRWD-GMU-53 | बरवाडीह | सामान्य | 01 | 03 |
| 2 | खान–पान सेवा | DHN-DHN-SMU-123 | धनबाद | एस.सी.(महिला) | 01 | 02 |

सभी लॉट के लिए ई–नीलामी की तारीख और समय : 13.02.2025, 15:00 बजे से

**Catalogue No:- Catering-16-25, Website: www.ireps.gov.in**

**Note- (4)** The e-Auction will be online on the IREPS (e-Auction leasing portal) on the prescribed date and time. **(5)** Desirous of participating in the e-Auction shall pay Rs. 10000/- + GST (non refundable) Online submission of one time registration is required and also having current account linked to IREPS, Payment/Deduction of Security Deposit (EMD) online from the same account. **(6)** Complete information about the terms and conditions related to e-Auction is available in the e-Auction leasing selection of the IREPS portal **(www.ireps.gov.in)**

पीआर/02015/डीएचएन/वा./एन/24-25/40 — स.वा.प्र., पू.म.रेल, धनबाद



गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आकाश साहू
संचालक
मिशिका ट्रेडर्स
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
कलेश्वर साहु
पंचायत सचिव
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
शिवदेव लोहार
अध्यक्ष
निर्मल भगत
सचिव
परमानन्द भगत
कोषाध्यक्ष
झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ जिला इकाई
गुमला, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय
परिवार, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
सोमारी देवी
मुखिया
सेहल पंचायत
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीता कुमारी
मुखिया
चुंदरी पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद महतो
समाजसेवी
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चंद्रकांत पाठक
निदेशक
सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमिक स्कूल, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश बड़ाइक
मुखिया
आदर पंचायत
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
युसूफ अंसारी
एचएम
राजकीयकृत मध्य विद्यालय
गम्हरिया, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ सीमा एक्का
पशुपालन पदाधिकारी
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गीता देवी
मुखिया
कुगांव पंचायत
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बिमला कुमारी
एचएम
राजकीयकृत मध्य विद्यालय
देवाकी, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
फिरंगी उरांव
मुखिया
बदरी पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
फांसिस टोप्पो
एजी चर्च स्कूल
बड़काडीह, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुखनाथ राम
रोजगार सेवक
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश महतो
निदेशक
विवेकानंद पब्लिक स्कूल आदर
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
किशोर जायसवाल
अध्यक्ष
भाजपा घाघरा मंडल
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अंगनी देवी
मुखिया
चपका पंचायत
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुशीला भगत
निदेशक
तेजस्वी पब्लिक स्कूल
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद उरांव
मुखिया
शिवराजपुर पंचायत
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शंकर साहु
बीपीआरओ
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शेखर सिंह
फारेस्टर
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शिवकुमार भगत
संरक्षक
ऑल बॉक्साइट जनाधिकार संघर्ष समिति, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
यशमुनी देवी
मुखिया
आदर पंचायत
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नीमा देवी
उपमुखिया
सेहल पंचायत
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिलबन्धु मांझी
समाजसेवी
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विजय साहु
निदेशक
चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल
रन्हे, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनिरुद्ध चौबे
सचिव
कल्याणकारी मानव विकास संस्थान
घाघरा, गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अरुण साहू
पूर्व उपमुखिया
नवडीहा पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कृष्णा कुमार लोहरा
जिला महासचिव कांग्रेस कमिटी
गुमला, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नितेश रंजन भास्कर
निदेशक
भास्कर एजुकेशन एकेडमी
देवी मंडप रोड घाघरा

# भारत की बड़ी कूटनीतिक कामयाबी

26/11 यानी मुंबई आतंकी हमले के बहुचर्चित आरोपी तहव्वुर राणा का अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में दायर रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद उसके प्रत्यर्पण की राह खुल गयी है। यह भारत की एक अहम कूटनीतिक और कानूनी जीत तो है ही, आतंक के कारोबारियों को न्याय की वेदी पर ला पटकने के वैश्विक अभियान के लिहाज से भी एक बड़ा कदम है।

**आतंक का बर्बर चेहरा :** 2008 का मुंबई आतंकी हमला न केवल देशवासियों को स्तब्ध कर देने वाला था, बल्कि इसने पूरी दुनिया को सकते में डाल दिया। जिस तरह समुद्री मार्ग से आये लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों ने भारत की वित्तीय राजधानी को बंधक सा बना लिया और यहां तीन दिनों तक आतंक का खेल खेलते रहे, उसे भुलाना मुश्किल है। इस हमले से जुड़े कई आतंकी इस दौरान मारे भी जा चुके हैं, लेकिन भारत की न्याय व्यवस्था का सामना करने की जहां तक बात है, तो कसाब के बाद तहव्वुर राणा दूसरा प्रमुख चेहरा होगा।

**परदे के पीछे का सच :** आतंक के इस खेल में मोहरे बने लोग भले सामने नजर आते हों, उनकी भूमिका नगण्य ही होती है। असल भूमिका इन्हें परदे के पीछे से बढ़ावा देने वाले उन लोगों की होती है, जो आम तौर पर परदे के पीछे ही बने रहते हैं। तहव्वुर राणा का यह प्रत्यर्पण इस लिहाज से भी अहम है। वह न केवल मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा, बल्कि कनाडा जा बसने से पहले पाकिस्तानी सेना में मेडिकल ऑफिसर के तौर पर भी काम करता रहा है। आश्चर्य नहीं कि 26/11 केस में लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम समेत कई लोग मानते हैं कि यह प्रत्यर्पण इस मामले में पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े अफसरों की भूमिका पर भी बेहतर ढंग से रोशनी डाल सकता है।

**मुंबई 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद उसके प्रत्यर्पण की राह खुल गयी है। राणा के प्रत्यर्पण से पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान की भूमिका पर रोशनी डालने में मदद मिल सकती है। इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए कूटनीतिक सावधानी जरूरी है।**

**आगे की चुनौतियां :** ऐसे में बहुत महत्वपूर्ण है कि आने वाली चुनौतियों की गंभीरता को समझते हुए एक-एक कदम फूंक-फूंक कर बढ़ाया जाये। राणा की सुरक्षा सुनिश्चित करना और तमाम अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए आगे बढ़ना जितना जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण है कूटनीतिक मोर्चे पर सावधानी बनाये रखना। तभी इस मामले की अंतरराष्ट्रीय साजिश से जुड़ी तमाम परतों को खोलना और इसमें शामिल सभी तत्वों को बेनकाब करना संभव हो पायेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय रेल ने पवित्र संगम के यात्रा अनुभव और इसे आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने प्रयागराज में रेलवे के बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण में उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि की है। भारतीय रेल द्वारा महाकुंभ की तैयारियों में दो वर्षों में पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि से यहां मौजूद रेलवे स्टेशनों को आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल दिया गया है।**

# महाकुंभ 2025: तीर्थयात्रा अनुभव को सुगम बनाती भारतीय रेल

**रवींदर गोयल**




महाकुंभ 2025 में लाखों तीर्थयात्रियों को पवित्र नगरी प्रयागराज पहुंचाने में भारतीय रेल ने अपनी भूमिका नये सिरे से परिभाषित की है। परिवहन प्रदान करने के साथ ही रेलवे विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवा भी सफलता पूर्वक संचालित कर रही है। महत्वपूर्ण उन्नयन, अभिनव समाधान और समावेशिता की प्रतिबद्धता के साथ रेलवे इस व्यापक धार्मिक आयोजन में प्रचालन तंत्र के नये मानक स्थापित कर रही है।

**आधुनिक बुनियादी ढांचे से आध्यात्मिक उद्देश्य की पूर्ति**

भारतीय रेल ने पवित्र संगम के यात्रा अनुभव और इसे आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने प्रयागराज में रेलवे के बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण में उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि की है। भारतीय रेल द्वारा महाकुंभ की तैयारियों में दो वर्षों में पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि से यहां मौजूद रेलवे स्टेशनों को आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल दिया गया है।

**जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है, तो उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।**

रेलवे स्टेशन जो केवल यात्रा एवं रेलगाड़ियों के ठहराव और आने-जाने का स्थान थे, अब तीर्थयात्रियों के स्वागत के प्रवेश द्वार में बदल गये हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की सुविधा आरंभ किये जाने से यह स्थान अब यात्रियों की सुगमतापूर्ण स्थानों में तब्दील हो गये हैं। कलर कोडेड यात्री आश्रय गृह, दिशा-निर्देशक रंगीन टिकटें और दिशा संकेतकों जैसी सुविधाओं ने यात्रियों के लिए रास्ता समझना सरल बना दिया है। इससे तीर्थयात्रियों को मार्ग खोजने में सुगमता हो रही है। इन उन्नत सुविधाओं ने रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रा के अनुभव को और अधिक सुखद बनाया है। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है, तो उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।




**लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के प्रतिदिन आने की उम्मीद को देखते हुए, इतनी बड़ी संख्या में लोगों को आश्रय और सेवाएं प्रदान करना एक बहुत बड़ा काम है। भारतीय रेल ने इस चुनौती को अपनाते हुए, 17 नये यात्री आश्रय गृहों के निर्माण एवं स्टेशनों को 1.10 लाख से अधिक यात्री क्षमता वाला बनाया गया है, जो पहले केवल 21 हजार थी। इसके अतिरिक्त नये प्लेटफॉर्म के निर्माण से कुल 48 प्लेटफॉर्म हो गये हैं और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई है।**

**आम जनता के लिए नये आश्रय स्थल और बेहतर सेवाएं**

लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के प्रतिदिन आने की उम्मीद को देखते हुए, इतनी बड़ी संख्या में लोगों को आश्रय और सेवाएं प्रदान करना एक बहुत बड़ा काम है। भारतीय रेल ने इस चुनौती को अपनाते हुए, 17 नये यात्री आश्रय गृहों के निर्माण एवं स्टेशनों को 1.10 लाख से अधिक यात्री क्षमता वाला बनाया गया है, जो पहले केवल 21 हजार थी। इसके अतिरिक्त नये प्लेटफॉर्म के निर्माण से कुल 48 प्लेटफॉर्म हो गये हैं और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, बेबी फीडिंग पॉड्स और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों के लिए उपलब्ध करायी गयी हैं। इसके अलावा निर्बाध बिजली आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च मांग के बावजूद सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

**समावेशी एवं सुलभ अनुभव**

भारतीय रेल ने सभी के लिए महाकुंभ 2025 के अनुभव को अधिक आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, ह्वीलचेयर सेवाओं के साथ 'क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूं' (मे आइ हेल्प यू) बूथ और लॉजिस्टिक ट्रॉलियों की शुरुआत एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है, जिससे उन्हें सुगम और आरामदायक आवागमन का अनुभव मिल रहा है। सरकार के 'सुगम्य भारत मिशन' के अनुरूप भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढ़ायी है। यह प्रयास समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई (बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक) इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

**महाकुंभ भविष्य के लिए एक मानक बना है**

परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बना दिया है, जो उन्नत और आरामदायक होने के साथ ही मॉर्डन सुविधाओं से युक्त है। रेलवे तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ ही उनके अनुभव को अभूतपूर्व बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। भारतीय रेल महाकुंभ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से आतिथ्य के नये मानक स्थापित कर रही है।

**(लेखक रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य-परिचालन और व्यवसाय विकास हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# चाइबासा में दो नक्सली मारे गये

**संजय संगठन में जोनल कमांडर था, जबकि हेमंती अनल दा की प्रमुख महिला साथी और एरिया कमांडर के रूप में कार्यरत थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



सांकेतिक तस्वीर।

**जमशेदपुर।** झारखंड पुलिस ने चाईबासा में माओवादियों को तगड़ा झटका दिया है। बुधवार को एक बड़ी पुलिस कार्रवाई में कुख्यात माओवादी संजय गंझू और अनल दा की महिला साथी हेमंती को मार गिराया गया। इन दोनों की मौत के बाद माओवादी संगठन को बड़ी क्षति हुई है। संजय संगठन में जोनल कमांडर था, जबकि हेमंती अनल दा की प्रमुख महिला साथी और एरिया कमांडर के रूप में कार्यरत थी।

**अनल दा की बेहद करीबी थी बोकारो की रहने वाली हेमंती**

हेमंती बोकारो जिले के गोरगोरवा गांव की रहने वाली थी। अनल दा के साथ कई वर्षों से जुड़ी हुई थी। वह अनल की सुरक्षा के लिए हमेशा साथ रहती थी और जंगलों में इंसास राइफल लेकर घूमती थी। बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में हेमंती मारी गयी। पुलिस के अनुसार, हेमंती अनल दा के साथ लंबे समय से थी और उसे संगठन में महत्वपूर्ण पद मिला हुआ था।

**10 दिनों के भीतर 2 महिला नक्सली ढेर**

यह दूसरा मौका है जब सिर्फ दस दिनों के भीतर एक और महिला नक्सली मारी गयी है। इससे पहले 22 जनवरी 2025 को बोकारो में माओवादी नेता शांति भी एक पुलिस मुठभेड़ में मारी गयी थी। इन घटनाओं से झारखंड पुलिस ने माओवादी गतिविधियों के खिलाफ अपनी निर्णायक कार्रवाई को और तेज कर दिया है।

**बोले आइजी अभियान- सरेंडर करें या परिणाम भुगतने को तैयार रहें**

झारखंड पुलिस के आइजी अभियान अमोल होमकर ने कहा कि संजय और हेमंती की मौत माओवादी संगठन के लिए बड़ी हार है। उन्होंने माओवादी कैडरों से अपील की कि वे आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उनका भी हश्र संजय और हेमंती जैसा ही होगा। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि जो नक्सली मुख्यधारा में लौटेंगे, उनका स्वागत किया जायेगा, लेकिन जो नहीं लौटेगा, उसका सामना भीषण परिणामों से करना होगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**राजनगर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर थाना अंतर्गत छेड़ियापहाड़ी तालाब के समीप बुधवार देर शाम बाइक सवार दो युवक रेलिंग से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को एंबुलेंस से राजनगर सीएससी लाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल राजनगर के केंदमुड़ी निवासी शिबु गागराई (18) को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया गया है। वहीं आदित्यपुर सालडीह बस्ती निवासी बादल सरदार (19) का सीएचसी में इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार सालडीह निवासी बादल सरदार, शिबु गागराई के साथ राजनगर बाजार घूमने गया था। वापस लौटने के क्रम में बाइक आनियंत्रित होकर रेलिंग से जा टकराया।

# मुख्यमंत्री से मिले पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शहर की समस्याओं से कराया अवगत

**जनहित के मुद्दों पर जनता के साथ रहेंगे : बन्ना गुप्ता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात के दौरान उन्होंने जमशेदपुर से जुड़े कई जनहित के मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानगो में बीते कई दिनों से चल रही कचड़े उठाव के मुद्दे को संज्ञान में लेने के लिए अपील की। वहीं कचड़े के निष्पादन हेतु कार्ययोजना बनाने के लिए आग्रह किया। साथ ही मानगो फ्लाइओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए अधिकारीयों व संबंधित कंपनी को विशेष निर्देश देने का आग्रह किया। पूर्व मंत्री ने आगामी वारिस से पूर्व विधुत व्यवस्था व पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने के लिए अधिकारीयों को निर्देश देने के लिए आग्रह किया। मौके उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शहर में बेहतर लॉ एंड आर्डर और क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर सकरात्मक बातचीत कर हल निकालने का आग्रह किया। जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समाधान के लिए आश्वासन दिये।

# एसएसपी और एसपी ने अभियान चलाकर दिया स्वच्छ रहने का संदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी कौशल किशोर ने गोलमुरी स्थित पुलिस लाइन में का भ्रमण किया। बुधवार सुबह भ्रमण के दौरान गंदगी पाये जाने पर एसएसपी ने सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ स्वच्छता अभियान की शुरूवात की। अभियान के दौरान एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने खुद हाथ में झाड़ू लेकर सभी डीएसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ साफ सफाई करते नजर आये। इस दौरान एसएसपी ने अपने हाथों से साफ सफाई करते हुए पुलिस परिवार को स्वच्छ रहने का संदेश दिया। मौके पर एसएसपी ने कहा पुलिस लाइन के आवासीय परिसर में साफ सफाई नहीं रखने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जो आगले पखवारे तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा इसके लिए सार्जेंन मेजर और उपस्तित पुलिस पदाधिकारी व कर्मी को निर्देश दिया गया अपने और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें।उन्होंने कहा स्वच्छ रखने पर अपने को भी एक अच्छा महसूस होता है और कई बीमारियों से भी सुरक्षित रह सकते हैं। अभियान के दौरान एसएसपी ने कहा आवासीय क्षेत्र के लोगो को कचड़ा एक जगह जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा पुलिस लाइन को स्वच्छ रखने के लिए जीएनएससी और जुस्को को निर्देश दिया गया है। एसएसपी ने कहा तमाम सुविधाओं के बाद भी अगर कोई परिवेश को गंदगी करते है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मौके पर एसएसपी किशोर कौशल के साथ ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, सार्जेंन मेजर सहित डीएसपी, थाना प्राभारी और स्थानीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# परिवहन मंत्री से मिले सामाजिक सेवा संघ और झामुमो के प्रतिनिधि

**नुवको सीमेंट प्लांट से जेम्को गेट तक सड़क जाम की स्थिति से कराया अवगत, मिला आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के जोजोबेरा सीमेंट प्लांट व जेमको कंपनी गेट के समक्ष सड़क किनारे खड़ी बड़ी वाहन से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। स्थानीय झामुमो नेता सह सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने स्थानीय लोगो की समस्या को लेकर लगातार प्रयासरथ है। बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने इस मामले को लेकर राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक मांग पत्र सौप कर आम जनता की समस्या से मंत्री को अवगत कराया। राजेश सामंत ने कहा गाड़ियां नुवको सीमेंट प्लांट जोजोबेरा से जेमको कंपनी गेट तक सड़क के दोनों ओर खड़ी रहती है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों की दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।पूर्व में कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। मौके पर सामाजिक सेवा संघ व झामुमो प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से जल्द समस्या का समाधान के लिए आग्रह किया। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ती, झामुमो के वरिष्ठ नेता मनवर हुसैन, मजदूर नेता राजेश सामंत, झामुमो जमशेदपुर प्रखंड उपाध्यक्ष जगता सोरेन, शिवलाल लोहरा, छोटे सरदार, लक्ष्मण मुंडा सहित अन्य शामिल रहे।

# मानगो ट्रांसपोर्टर हत्याकांड में शूटर सहित पांच गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की मानगो पुलिस ने ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह हत्याकांड के बुधवार को उद्भेदन किया है, जिसमें शूटर सहित पांच अन्य आरोपियों को एनएच 33 से हथियार और स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। हत्याकांड में मानगो गुरुद्वारा रोड का रहने वाला रोहित दीक्षित, उलीडीह शिव मंदिर लाइन का रहने वाला शुभम कुमार, सीतारामडेरा छायानगर दोंगी मेडिल के पास का रहने वाला विमल गोप, मानगो गुरुद्वारा रोड का रहने वाला विवेक कुमार और मानगो का रहने वाला अंकित शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। इस हत्याकांड में रोहित दीक्षित मुख्य शूटर है। वहीं 27 जनवरी को अपराधकर्मी रौनक सिंह को दिल्ली से और दूसरे अभियुक्त निखिल सिंह को मानगो थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
07

# पारदर्शी तरीके से समय पर पूरी करें योजनाएं : उपायुक्त



### डीसी ने सभी प्रज्ञा केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर बीडीओ को निर्देश दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने बुधवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समाहरणालय स्थित सभागार में जिले में चलाये जा रहे विभिन्न प्रकार के विकास योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में सभी बीडीओ ने एक-एक कर उनके द्वारा प्रखंडों में किये जा रहे, योजनाओं की प्रगति पर अपनी रिपोर्ट उपायुक्त के समक्ष रखी। इस अवसर पर उपायुक्त श्री जमुआर ने योजनाओं को पारदर्शी तरीके से समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने में कोताही न करे।

उपायुक्त श्री जमुआर ने अबुआ आवास योजना के तहत समय पर लाभुकों को किस्त देने और समय पर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी बीडीओ को सही तरीके से जांच कर किसी भी लाभुक को भुगतान करने को लेकर निर्देशित किया। डीसी ने सभी प्रज्ञा केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर बीडीओ को निर्देश दिये, साथ ही उन्होंने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सही योग्य लाभुकों की जांच करते हुए भुगतान करने की बात कही। प्रखंड स्तर से भी इस योजना से लाभान्वित योग्य लाभुकों का सत्यापन करते हुए जांच रिपोर्ट जिला मुख्यालय में भेजने की बात कही। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सिधो-कानो, तालाबों का जीर्णोद्धार, पोटो-हो खेल योजना, जिले में संचालित सभी प्रज्ञा केंद्रों की स्थिति, पेंशन आदि की समीक्षा की तथा सभी बीडीओ को आवश्यक निर्देश दिए।

मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, सभी बीडीओ, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नीरज कुमार, खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## निकाय चुनाव के लिए विभिन्न बिंदुओं पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में पिछड़े वर्गों के आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर-टू-डोर सर्वे कार्यक्रम और मतदान केंद्र की स्थापना (नगरपालिका) हेतु समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मंझिआंव शैलेश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर राज कमल समेत नगर मिशन प्रबंधक एवं नगर प्रबंधक गढ़वा तथा मास्टर ट्रेनर और अन्य संबंधित उपस्थित थे।

राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों यथा- प्रकाशित वार्डवार सर्वेक्षण सूची/विखंडित मतदाता सूची (प्रपत्र-01) से संबंधित प्रतिवेदन, वार्डवार मतदाताओं का प्रतिवेदन (प्रपत्र-02), मृत, पलायन और दुबारा प्रविष्टी वाले मतदाता से संबंधित प्रतिवेदन, छुटे हुए मतदाता से संबंधित प्रतिवेदन, दावा-आपत्ति से संबंधित प्रतिवेदन, दावा-आपति निस्तारण से सम्बन्धित प्रतिवेदन, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों तथा शिकायत निवारण पदाधिकारी का आधार, बैंक खाता और आईएफएससी कोड की विवरणी से संबंधित प्रतिवेदन, पूर्व से निर्धारित मतदान केंद्रों का सत्त्यापन से संबंधित प्रतिवेदन, नये मतदान केंद्रों का प्रस्ताव से सम्बन्धित प्रतिवेदन और मतदान केंद्रों पर बुनियादि सुविधा से संबंधित प्रतिवेदन की मांग उपायुक्त द्वारा की गयी। साथ ही नगर निकाय चुनाव से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये।

## अबुधाबी में भवनाथपुर के प्रतिष्ठित रेडीमेड गारमेंट्स व्यवसायी को सम्मानित किया गया



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। डॉलर रेडीमेड गारमेंट के तत्वाधान में दुबई के अबुधाबी में आयोजित वार्षिक मिलन समारोह कार्यक्रम में भवनाथपुर के प्रतिष्ठित रेडीमेड गारमेंट्स व्यवसायी कुमार रामचंद्रम उर्फ मुनू जायसवाल को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान कम समय में कंपनी के उपलब्धि प्राप्त करने पर डॉलर कंपनी के मालिक विनोद गुप्ता के द्वारा उन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। अबूधाबी में सम्मानित होकर लौटे व्यवसायी कुमार रामचंद्रन जायसवाल ने बताया कि मेरे द्वारा भवनाथपुर, विशुनपुरा, रमुना, कांडी, केतार, कोण, रामगढ़, विंढमगंज, नगर ऊंटारी, कचनरवा में डॉलर कंपनी का रेडीमेड गारमेंट्स का थोक सप्लाई किया जाता है, परिणाम यह रहा कि बहुत ही कम समय में डॉलर कंपनी से जुड़ी रेडीमेड गारमेंट्स का व्यवसाय को कंपनी में एक सप्लायर के तौर पर क्षेत्रों में एक अलग पहचान स्थापित किया साथ ही उक्त कंपनी के गारमेंट्स व्यवसाय में भी लगातार वृद्धि हुई, जिसे लेकर डॉलर कंपनी के ऑनर द्वारा दुबई के अबुधाबी में डॉलर का मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अमन जायसवाल, तन्नु जायसवाल, प्रदीप कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में अग्रगति इंडिया रामगढ़ के स्वजन्य से संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र सगमा द्वारा चयनित 60 बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का विषय 'वित्तीय जागरूकता और आवश्यकता' अधिकतम 900 शब्दों में निर्धारित था। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक व जनार्दन प्रसाद यादव ने इसकी महत्ता के विभिन्न पहलुओं पर वर्णन करते हुए कहा कि इस निबंध प्रतियोगिता से बच्चों में लेखन कौशल में वृद्धि होती है। निबंध प्रतियोगिता को संपन्न कराने में वित्तीय साक्षरता केंद्र के प्रखंड समन्वयक जनार्दन प्रसाद यादव और प्रशिक्षिका ऐसून खातुन मुख्य भूमिका में रहे।

## तैबा हॉस्पिटल में निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल में निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर (आईवीएफ कैंप) का आयोजन किया गया। डॉ यासीन फाउंडेशन तथा इंदिरा आईवीएफ फर्टिलिटी और आईवीएफ सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उक्त शिविर में 65 निःसंतान दम्पतियों को निःशुल्क आईवीएफ की जानकारी दी गयी। वैसे दंपति जो विवाह के साल भर बाद भी माता-पिता बनने में असफल रहे हों, पुरुष में शुक्राणु की कमी, महिलाओं में अंडाणु की कमी, नसबंदी के बाद भी मां बनने की इच्छा, अनियमित माहवारी, ल्यूकोरिया, पीसीओडी जैसी समस्या वाले ज्यादातर दम्पति शामिल थे। तैबा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अरशद अंसारी ने कहा कि समाज में बांझपन को दूसरे नजरिये से देखा जाता है। खासकर महिलाओं को ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और यही कारण है कि उनका मनोबल कम होते चला जाता है। एक तरफ परिवार से तो दूसरी तरफ समाज से कई तरह की अपशब्दों से अपमानित किया जाता है। यहां तक कि रिश्ते टूटने तक भी बात आ जाती है। ऐसे स्थिति में लोगों को जागरूक कर काफी हद तक महिलाओं के उत्पीड़न से रोका जा सकता है और समाज में इन्हें भी उचित सम्मान मिल सकता है। अब बांझपन अभिशाप नहीं है बल्कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति से मातृत्व सुख पाया जा सकता है। बांझपन के पीछे कोई न कोई चिकित्सीय कारण होता है। अगर सही समय पर समुचित इलाज हो तो इस तरह की परेशानी कम हो जायेगी। मौके पर डॉ सुरती सिंह, डॉ रंजीत कुमार चौधरी, डॉ माहेरू यमानी, डॉ अरशद अंसारी, असफाक अंसारी, आमना खातून, राबिया खातून, सोनम कुमारी, अहमद अंसारी, विकास कुमार, आशीष कुमार पाठक आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जनता दल, गढ़वा जिला कमेटी की ओर से सदस्यता अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल गढ़वा जिला कमेटी की ओर से सदस्यता अभियान 2025-28 का शुभारंभ बुधवार को सदस्यता प्रभारी मदन पासवान और सह प्रभारी कलाम खान की उपस्थिति में राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय अशोक विहार गढ़वा से शुरूआत किया गया। जिसमें आजसू और अन्य दल छोड़कर विनय गुप्ता राजू प्रसाद अमानत अली लक्ष्मण यादव, विनय यादव प्रेम सिंह खरवार बच्चन उरांव, कृष्णा राम मनोज कुमार मेहता, मकसूद अंसारी, कामेश्वर यादव, पंकज चंद्रवंशी, सिराज अंसारी, अनिल प्रसाद, हरिश्चंद्र चौबे, रियाजुद्दीन अंसारी, इकबाल अंसारी, जनार्दन सिंह सहित दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमीरुदिन अंसारी प्रदेश महासचिव प्रवेज शाहिद करीम खान, प्रधान महासचिव धर्मराज राम, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, राजेश्वर गुप्ता, महासचिव सुरेश विश्वकर्मा, अशोक सिंह महेंद्र पाल त्रिपुरारी सिंह सचिव विनोद यादव संतोष राम, विनोद चंद्रवंशी प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अली पारसनाथ, रामनिवास, जगन्नाथ पाल, सुभाष, जगदीश यादव सहित जिला के पदाधिकारी गण प्रखंड के पदाधिकारी गण पंचायत के पदाधिकारी गण और राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता साथी उपस्थित थे। सदस्यता प्रभारी और सह प्रभारी कलाम खान ने ऐलान किया सूरज सिंह की अध्यक्षता में जिला में एक लाख नये राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य बनाये जायेंगे। सदस्यता अभियान गढ़वा जिले के हर एक बूथ पंचायत प्रखंड और जिला स्तर पर कैंप लगाकर लोगों को राष्ट्रीय जनता दल के विचारधारा को बढ़ाकर पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के कार्यकलापों को लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे और राष्ट्रीय जनता दल के संगठन से जोड़ने का काम करेंगे।

## इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक बने प्रोफेसर अर्जुन



प्रभार ग्रहण करते प्राध्यापक प्रो. अर्जुन प्रसाद।

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज इग्नु अध्ययन केंद्र के समन्वयक के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. अर्जुन प्रसाद ने बुधवार को प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने यह प्रभार महाविद्यालय के इग्नु अध्ययन केंद्र के निवर्तमान समन्वयक डॉ अरुण कुमार तिवारी से ग्रहण किया। वहीं सहायक समन्वयक के रुप में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो परवेज आलम ने भी प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो निकलेश चैबे, प्रो कमलेश कुमार सिन्हा, डॉ उमेश सहाय, डॉ सत्यदेव पांडेय आदि उपस्थित थे।03

## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से महिला घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र के मेलवान निवासी राजमुनी विश्वकर्मा की पत्नी पानपती देवी बुधवार के सुबह खेत में आलू कोडने के दौरान जमीन पर गिरे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## आइएएस पूजा सिंघल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

रांची (आजाद सिपाही)। आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पूजा सिंघल पर केस चलाने के लिए इडी ने राज्य सरकार से अनुमति मांगी है। बता दें कि इससे पूजा सिंघल की निलंबन वापसी और पोस्टिंग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसी महीने 7 जनवरी को झारखंड की निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को 28 महीनों बाद जेल से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए उनकी जमानत मंजूर कर ली थी। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस पूजा सिंघल ने नये कानून के तहत कस्टडी के आधार पर रिहाई की मांग की थी। उनकी याचिका पर रांची में पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही थी। इससे पहले अदालत ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को निर्देश दिया था कि वे पूजा सिंघल की न्यायिक हिरासत की पूरी अवधि के बारे में जानकारी दें। जेल प्रशासन ने अदालत में जवाब दाखिल किया, जिसके आधार पर यह फैसला लिया गया।

## डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वनांचल डेंटल कॉलेज और अस्पताल फरठिया गढ़वा द्वारा डॉक्टर एके सिन्हा के नेतृत्व में डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों और कर्मचारियों को दांत का इलाज के साथ ही साथ दांत से संबंधित होने वाले बीमारियों के बारे में जानकारी दी गयी।

इस कैंप में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रीति, डॉक्टर सत्या, डॉक्टर शिखा रवि आदि ने अपनी भूमिका निभायी। इसके लिए आरके पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर और भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे ने वनांचल डेंटल कॉलेज से आये हुए सभी डॉक्टर और टेक्नीशियन को आभार व्यक्त किया।

## दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

### मेरा विद्यालय मेरा अभिमान और शिक्षा अधिकार से हुए रुबरु

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय रंका में विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ संकुल साधन सेवी सह मास्टर प्रशिक्षक देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने दो मिनट का मौन और अभियान गीत गायन के साथ प्रशिक्षण की शुरूआत की।

इस प्रशिक्षण में सबसे पहले विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया गया, उसके बाद विषय प्रवेश कराया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक देवेंद्र नाथ उपाध्याय के द्वारा सभी सदस्यों को विद्यालय प्रबंधन समिति की पृष्ठभूमि 'पलाश', प्रशिक्षण का उद्देश्य, प्रशिक्षण की रणनीति, प्रशिक्षण विधि, सदस्यों के लिए ध्यान देने योग्य बातों पर विस्तृत रूप से सरल और सहज तरीकों से बताया गया।

इस दौरान विभिन्न सत्र में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई, जैसे- मेरा विद्यालय मेरा अभिमान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम और नयी शिक्षा नीति, विद्यालय प्रबंधन समिति की संरचना, विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक की कार्यवाही का प्रारूप, विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य और दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, साथ ही एफएलएन, रेल प्रोजेक्ट, प्रोजेक्ट इंपैक्ट, बाल अधिकार अधिनियम और लैंगिक समानता, विद्यालय विकास योजना का संधारण, हर्ष जोहर, चेतना सत्र और अन्य गतिविधियों पर भी चर्चा की गयी।

इस प्रशिक्षण का संचालन बहुत ही रुचि पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और विद्यालय के सभी सदस्य ससमय उपस्थित हुए और प्रशिक्षण पाकर हर्षित हुए। इस मौके पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका साधना सिन्हा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय सहित सभी सदस्यण उपस्थित थे।

## जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए हेमंत सरकार प्रतिबद्धः चमरा लिंडा

### जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरव को चित्रों में उकेरने की अनूठी पहल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार को डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी में राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन किया। चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार झारखंड की जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति को संजोने और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर में झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन किया जायेगा। शिविर के अंत में चित्रों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। सरकार जनजातीय कलाकारों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

**जनजातीय चित्रकारों की भागीदारी :** इस शिविर में झारखंड के कोने-कोने से आये वरिष्ठ एवं युवा जनजातीय चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी कलाकार अपने चित्रों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की गाथाओं को जीवंत रूप देंगे। चित्रकला की विभिन्न शैलियों, जैसे सोहराई, कोहबर, पिठौरा, गोंड, वारली और अन्य जनजातीय कला रूपों का प्रयोग किया जायेगा, जिससे झारखंड की समृद्ध कला परंपरा को भी बल मिलेगा।

**संस्थानों में लगेगी विशेष प्रदर्शनी :** शिविर के अंत में सभी चित्रों को एक विशेष प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया जायेगा, जिसमें झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े चित्रों को प्रदर्शित किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से टीसीडीसी प्रबंध निदेशक नियोलसन बागे, कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा और अन्य मौजूद थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

सर्वसाधारण के लिये सूचना



बरही थाना दैनिकी प्रविष्टी सं0–27/2025, दि0–26.01.2025 के आलोक में गुमशुदा महिला– रितु कुमारी, पिता–प्रभाकर पाठक, सा0–बरसोत, थाना–बरही, जिला–हजारीबाग दिनांक–25.01.2025 को संध्या 05:00 बजे से लापता हो गयी है काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। हुलियाः–उम्र–करीब 26 वर्ष, लम्बाई–**05'06"**, रंग–गोरा, पहनावा–सफेद रंग का कुर्ती, लाल रंग का पजामा, काला रंग का ब्लेजर, बैगनी रंग का जुता पहनी हुई है।

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बरही/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः–

अनु0पु0पदा0 बरही, हजारीबाग :– 9430165633
थाना प्रभारी बरही, हजारीबाग :– 9006975496

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग

PR 345406 Police (24-25)_D



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 2479 date 15.01.2025, I, JHALO DEVI, W/O ANANDLAL MAHTO, aged about 75, by faith- Hindu, by Nationality-Indian, R/o Vill.- Chetar, P.O.-Gosa, P.S.- Ramgarh, Dist-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:
1. That my actual and correct name is JHALO DEVI which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar Card, No.-7645 8036 3501.
2. That my name has been mentioned as JHANO DEVI in my passbook of Bank of India, Ramgarh Cantt Branch bearing A/c No.-481910510001069.
3. That JHALO DEVI and JHANO DEVI N both names is the same and single lady i.e. myself.
4. That I want to rectify my correct name as JHALO DEVI in place of JHANO DEVI in my aforesaid bank passbook.
5. That this affidavit is required for knowledge of related Bank authority concern for doing needful purpose. 6. That the above statements made by me are true and correct to the best of my knowledge and belief.



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 4570 date 21.01.2025, I, TANNVI SHAH, aged about 23 years, D/o Sri Manoj Kumar Sahu, R/o village Burmu Road Near Vishnu Chowk Ginjo Thakur Gaon, P.S-Thakurgaon, Dist-Ranchi, do here by solemnly affirm and state as follows:- 1. That I am an Indian Citizen by birth and residing above mentioned address. 2. That I am the daughter of MRS. REKHA SHAH and Mr. Manoj Kumar Sahu. 3. That my mother's name appears differently in various documents as follows:
(i) That in all my official documents her name is recorded as REKHA SHAH.
(ii) That in her all official documents her name is recorded as REKHA DEVI. 4. That both names, "REKHA DEVI" and "REKHA SHAH" refer to the same person, who is my mother. 5. That the difference in the speling name variation is unitentional and due to clerical or administrative erros. 6. That this affidavit is made ot clarify and confirm that MRS. REKHA DEVI and the names mentioned as "REKHA SHAH" an "REKHA DEVI" in various documents are of one and the same perosn. 7. That iundertake to use this affidavit as proof of the clarification of the name discrepancy in oficial and legal matters, wherever required. 8. That the statemnts made above are true and correct to the best of my knowledge and belief.

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 30 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# पोक्सो एक्ट के दोषी युवक को 20 साल सश्रम कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नाबालिक आदिवासी युवती का कई वर्षों तक शारीरिक शोषण करने के आरोपी सदर थाना क्षेत्र के इरगांव निवासी बिहारी उरांव का पुत्र महावीर उरांव को दोषी ठहराते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने बुधवार को 20 साल सश्रम कारावास और 25 हजार अर्थ दंड लगाने का फैसला सुनाया है। फोर पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी महावीर उरांव को सजा मिली है। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि नाबालिक पीड़िता ने किस्को थाना कांड संख्या 26/2019 महावीर उरांव को नामजद आरोपी बनाकर न्याय की गुहार लगायी थी। न्यायालय में सनी और दलीलों के पश्चात आरोपी महावीर उरांव को दोषी ठहराते हुए सश्रम कारावास और अर्थ दंड की सजा मिली है।

**क्या है मामला :** लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि किस्को थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिक युवती की मां के फोन पर एक दिन रॉन्ग नंबर से फोन आया था। दूसरे दिन दूसरे नंबर से इरगांव निवासी महावीर उरांव नाबालिक युवती को फोन कर अपने लुभावनी बातों पर उलझा लिया। इसके बाद आरोपी महावीर उरांव किस्को पहुंचकर युवती को शादी का प्रस्ताव देकर जनवल स्थित नदी किनारे ले गया। निकट के अर्धनिर्मित मकान पर दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता के घर से मां और भाई के जाने के बाद अक्सर आरोपी घर पहुंचता और पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाता। इस दौरान पीड़िता चार माह की गर्भवती हो गयी। इसके बाद आरोपी महावीर पीड़िता से भागने लगा। शादी से इनकार कर अपना फोन बंद कर दिया। ठगा महसूस कर पीड़िता ने किस्को थाना में शिकायत दर्ज करायी।

# छूटे हुए 123 टोलों में विद्युतीकरण को जल्द पूर्ण करने का डीसी ने दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत 2024-25 में प्रखण्डवार मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गयी। कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखण्ड के पदाधिकारियों को उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिये गये। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत सभी प्रखंडों को अपनी उपलब्धि सौ फीसदी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनरेगा के विभिन्न योजनाओं, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन अंतर्गत तैयार किये गये पशु शेड, दीदी बाड़ी योजना, एरिया अफसर एप में एंट्री की समीक्षा की गयी। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में लंबित आवेदनों को स्वीकृत का योजना का लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियो को आवेदकों के वेटिंग लिस्ट आवास योजना के लिए लंबित आवेदनों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। पीवीटीजी के संचालित पीएम जनमन योजना में लंबित लक्ष्य को जल्द आच्छादित किये जाने का निर्देश दिया गया। जिन आवेदकों का आधार अपडेट नहीं है उनके आधार अपडेशन के लिए परियोजना पदाधिकारी, यूआइडी को संबंधित पंचायतों में कैंप लगाकर आधार अपडेशन का कार्य निष्पादित करने का निदेश दिया गया। इसमें मिलेट/ पल्स प्रोडक्शन यूनिट, दूध एवं दुग्ध उत्पाद प्रोडक्शन यूनिट, बीएस कॉलेज में लाइब्रेरी अधिष्ठान, सदर प्रखण्ड में दीदी कैफे का निर्माण आदि योजनाएं शामिल हैं। गव्य विकास पदाधिकारी को कुडू में डेयरी एवं डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के लिए बनाये गये उत्पादक समूह को दुधारू गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग को आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा और शौचालयों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के साथ आवश्यक समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण प्रतिरक्षण हेतु सभी टीके ससमय लगावाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार बैठक में विद्युत प्रमंडल लोहरदगा को जिला के छूटे हुए 123 टोलों में विद्युतीकरण के कार्य को जल्द पूर्ण करने और अपर समाहर्ता लोहरदग को इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

## सेन्हा में ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक एवं परिवहन विभाग के संयुक्त निर्देश पर ड्रिंक एंड ड्राइव और बिना हेलमेट का वाहन चलाने पर यातायात पदाधिकारी एवं पुलिस जवानों के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। गौरतलब हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न पथ पर आये दिन सड़क दुर्घटना आम हो गया है। जिसपर नियंत्रण करने की दिशा में कदम उठाते हुए पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा वाहन जांच सख्त निर्देश जारी किया गया है। जिसके आलोक में यातायात प्रभारी शिवशंकर मार्डी, शुशील कुमार सिंह एवं सेन्हा थाना पुलिस बल के सहयोग से दो फोया चार पहिया वाहन तथा भारी वाहनों को सेन्हा थाना के समीप रोक कर सभी वाहनों के चालकों को मशीन के माध्यम से ड्रिंक का जांच किया गया। साथ ही सभी चालक को शराब सेवन कर गाड़ी नहीं चलाने का सख्त निर्देश दिया गया। विदित हो कि लोहरदगा शहर में अलग अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटना को लेकर पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग के निर्देश पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जबकि सड़क दुर्घटना नियंत्रण को लेकर पूर्व से ही सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। वही दो पहिया वाहनों के चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन नही चलाने पर कार्रवाई भी किया जा रहा है। उसी दौरान मंगलवार को थाना प्रभारी के निर्देश पर गस्ती दल के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमे बिना हेलमेट के बाइक चलाने के जुर्म में 8 बाइक को जब्त कर परिवहन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु सूचनार्थ कर दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा पर सभी विभागों का सहयोग महत्वपूर्णः एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गयी। बैठक का उद्देश्य जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और यातायात सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करना था। इस बैठक में डीएसपी समीर कुमार तिर्की, एमवीआइ गौतम गौरव, डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी, बीडीओ, टाउन थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, ट्रैफिक पुलिस और सड़क सुरक्षा टीम के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की पहचान कर उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर, सड़क नियमों का सख्ती से पालनः हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान, ब्लैक स्पॉट की पहचानः दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार स्थानों का अध्ययन कर वहां सुरक्षा उपाय लागू करन, यातायात पुलिस की तैनाती, व्यस्त चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात पुलिस की उपस्थिति बढ़ाना, जागरूकता अभियान स्कूलों, कॉलेजों और पंचायतों में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन पर परिचर्चा हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा पर सभी विभागों का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हर संभव प्रयास करें। डीएसपी लोहरदगा ने कहा कि पुलिस यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से कार्रवाई करेगी। वहीं, सड़क सुरक्षा टीम ने सुझाव दिया कि आम जनता को भी सड़क सुरक्षा का महत्व समझाने के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना होगा।

## वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू थाना क्षेत्र के नंनतिलों झखराटोली के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना मंगलवार की रात करीब 8ः 30 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद बाइक सवार का शव सड़क पर पड़ा था, राहगीरों की सुचना पर मौके पर पहुंची कुडू थाना पुलिस द्वारा उसे कुडू अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान कैरो थाना क्षेत्र के हुदू गांव निवासी बुचुआ उरांव के 27 वर्षीय पुत्र छोटु उरांव के रूप में हुई है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बाइक होंडा शाइन एसपी रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 01 एफएन - 8828 को थाना लायी है। शव को पोस्टमार्टम हेतु लोहरदगा भेज दिया है।

# हेहेगड़ा चिराई कटवा में महीनों से खराब जलमीनार से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह/ लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र कर चुंगरु पंचायत के हेहेगड़ा चिराई कटवा टोला में आदिम जन जाति जनमन योजना के तहत लगाए गए जल मीनार पिछले सात महीनों से खराब है। जल मीनार खराब होने से ग्रामीणों को पीने का पानी के लिए परेशानी हो रही है।

बता दें कि इस जलमीनार से करीब 50 घरों के सैकड़ों लोग पानी पीते है। इसके अलावे खेत पटवन कार्य भी इसी जलमीनार के सहारे होता था। इस जलमीनार मे लाखों रुपए खर्च किये गये है लेकिन यह ज्यादा दिनों तक लोगों की प्यास नहीं बुझा पाया। ग्रामीणों को कहना है कि इस जल मीनार की पानी से लोग अपनी प्यास बुझा लेते थे, लेकिन अब खराब हो जाने के कारण लोगों की प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ता है। जिससे कई बार ग्रामीणों ने उसे दुरुस्त करवाने के लिए मुखिया से गुहार लगायी लेकिन सात महीना गुजर जाने के बाद भी जलमीनार नही बना। हालांकि अभी ठंड का मौसम है लेकिन गर्मी के समय लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। वही खराब जल मीनार के कारण आस पास के कई घरों के लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खराब पड़े जलमीनार केवल सोभा की वस्तु बन कर रह गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार तो लगा है लेकिन खराब रहने के कारण लोगों को दूर से पानी लाकर पीना पड़ रहा है। यदि जल्द में जलमीनार नहीं बनता है तो लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जायेगी।

## जेएमएम ने चलाया सदस्यता अभियान



**कैरो (आजाद सिपाही)।** जेएमएम केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत बुधवार को कैरो प्रखंड के उतका गांव में जिला संयोजक मंडल के सदस्य सह प्रखण्ड प्रभारी सेन्हा जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बालमुकुंद लोहरा, केंद्रीय समिति सदस्य सह भंडरा और लोहरदगा प्रखंड प्रभारी समीद अंसारी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मो सजाद की उपस्थिति में सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर जेएमएम के नीति सिद्धान्तों के बारे में बतलाते हुए सदस्यता अभियान को बड़े पैमाने पर चलाकर सफल बनाने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की बात कही गयी। राधा तिर्की ने कहा कि जिले में पचास हाजर सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसे हम सबो को मिलजुल पूरा करना है। पार्टी संगठन में जुझारू और कर्मठ लोगो को जगह देना है ताकि जेएमएम पार्टी ज्यादा से ज्यादा मजबूत हो सके और जनसेवा का कार्य कर सकें।मौके पर अख्तर अंसारी, अमूर अंसारी, मो सजाद अंसारी, ईडन मिंज, बलदेव उरांव, रमीज अंसारी, एहसान अंसारी, तौहीद अंसारी, सेराज अंसारी, जयकेश्वर लोहरा आदि उपस्थित थे।

## डीएमओ ने अवैध चिप्स लोडेड ट्रैक्टर को पकड़ा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय खनिज का अवैध दोहन और सरकारी राजस्व की चोरी रोकने को लेकर बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद की अगुवाई में स्पेशल अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर थाना क्षेत्र के हरमू रोड में अवैध चिप्स लोड कर जा रहे ट्रैक्टर को रोक कर कागजातों की पड़ताल की गयी। जांच पड़ताल में ट्रैक्टर चालक द्वारा चलान समेत किसी प्रकार की वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। बगैर चालान के चिप्स को अवैध मानते हुए उसे जब्त किया गया। चिप्स लोडेड ट्रैक्टर को सदर थाना के हवाले कर दिया गया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद द्वारा आरोपियों के विरुद्ध सदर थाना में प्राथमिक दर्ज कराया गया।



अवैध चिप्स जब्त करते डीएमओ राजाराम प्रसाद

# जिला प्रशासन ने वाहन चलाते समय मोबाइल नहीं चलाने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशानुसार मंगलवार की देर शाम और बुधवार को परिवहन विभाग के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में शराब पीकर वाहन चलानेवालों के विरूद्ध कचहरी मोड़, लोहरदगा समाहरणालय समेत अन्य जगहों में जांच अभियान चलाया गया। इसमें आने-जानेवाले वाहन चालकों की जांच की गयी और दंडस्वरूप दर्जनों वाहनों का चालान किया गया जिससे 50 हजार रूपये से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई। अभियान में एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर कुमार तिर्की, अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, मोटरयान निरीक्षक गौतम गौरव, डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी, रोड सेफ्टी इंजीनियर कृष्ण कुमार समेत अन्य शामिल हुए। मौके पर अधिकारियों ने लोगो को बताया कि जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। वाहन चलाते समय अपने जान के प्रति जिम्मेदार रहें। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें।



वाहन जांच अभियान चलाते डीएसपी समीर कुमार तिर्की।

# मैराथन में सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए समाहरणालय परिसर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और ट्रैफिक सिग्नलों के पालन पर विशेष जोर दिया। मैराथन दौड़ समाहरणालय परिसर से कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में समाप्त किया गया। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों ने नारे लगाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। दौड़ के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्टूडेंट्स, खिलाड़ी ने उत्साह से हिस्सा लिया। मैराथन के समापन के अवसर पर गुड सेमेरिटन पॉलिसी के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को पहुंचने वाले मनिका प्रखंड के अख्तर अंसारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का गंभीरता से पालन करें और यातायात के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनें।

## वाहन जांच अभियान में दर्जनों बाइक जब्त

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा पुलिस कप्तान हारिस बिन जमा के निर्देश पर कुडू थाना पुलिस ने बुधवार 29 जनवरी को थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इधर से गुजर रहे अधिकांश दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान हेलमेट, कागजात के साथ साथ डिक्की की भी जांच की गयी। दर्जनों बाइक को जब्त किया कर अगली कार्रवाई के लिए ज़िला परिवहन विभाग को सूचित किया गया।
























# पलामू के कारीगरों-शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से लाभान्वित करने में तेजी लायें

## डीसी ने की योजना की समीक्षा, लाभुकों से प्राप्त त्रुटिरहित 336 आवेदन राज्य को भेजने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के कारीगर और शिल्पकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभावित होंगे। योग्य लाभुकों को योजना के लाभ से लाभावित किये जाने को लेकर डीसी शशि रंजन के निर्देश पर तत्परता के साथ कार्य किये जा रहे हैं। इसके तहत विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त आवेदनों का बुधवार को डीसी ने समीक्षा की। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत समिति के समक्ष प्राप्त 673 आवेदन पत्र जांच कर पेश किये गये। इसमें 336 आवेदन पत्र सही पाये गये। त्रुटिरहित आवेदनों को सर्वसम्मति से स्वीकृत करते हुए राज्य को भेजने पर सहमति बनी, ताकि योग्य लाभुकों को इस योजना का लाभ मिल सके। जबकि, त्रुटिपूर्ण 337 आवेदनों को अस्वीकृत करते हुए निरस्त कर दिया गया। डीसी ने विभिन्न प्रखंडों में प्राप्त आवेदनों की जांच कर योग्य लाभुकों को लाभावितं किये जाने की दिशा में कार्य करने में गति लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजकुमार पासवान, जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार,अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक के प्रतिनिधि विनोद तिवारी, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला समन्वयक चंद्रकांत पांडेय आदि उपस्थित थे।



पलामू डीसी शशि रंजन।

# सकारात्मक दृष्टिकोण से किये गये कार्यों से समाज में आते हैं सकारात्मक बदलावः डीसी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीसी सह रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें डीसी ने रेड क्रॉस सोसायटी की गतिविधियों को बढ़ाने का निर्देश दिया। रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों को जनकल्याण के कार्यों एवं गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। साथ ही ब्लड बैंक को समृद्ध करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन करने, आदिम जनजाति एवं सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सिविर लगाने, कपड़ा बैंक बनाकर जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कपड़ा वितरित करने, बुक बैंक तैयार कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के बीच पुस्तक आदि पाठ्य सामग्री का वितरण कराने का निर्देश दिया। लगे हाथ रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों के अनुरोध पर उन्होंने मोक्ष यात्रा वाहन का रेट रिवाइज करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने, यूपीआई बनाने के साथ अगले तीन महीने तक कार्य करने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने का भी निर्देश दिया। कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण से किये गये कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा जनहित के कार्य-गतिविधियों में स्थानीय प्रशासन भी सहयोग करेगी। बैठक में रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष आलोक पाठक, सचिव डॉ सत्यजित गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, संयोजक सुधीर अग्रवाल, सदस्य अखिलेश तिवारी, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, कमल जैन, उदय शंकर दुबे और आलोक माथुर उपस्थित थे।



# होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति से हुआ 125 लोगों का इलाज



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की ओर से केतात कला पंचायत सचिवालय में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें होमियोपैथिक चिकित्सा पद्यति से 125 लोगों का मुफ्त उपचार किया गया। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवा भी दी गयी। शिविर में डॉ रमेश चंद्र सिंह, डॉ कौशलेंद्र कुमार व डॉ संदेश कुमार ने मरीजों की जांच के बाद उपचार किया। इस मौके पर नर्सिंग स्टाफ रतनबाला चौबे, दवा वितरक अंकिता कुमारी, नीतू कुमारी, आर्यांशी कुमारी, चांदनी कुमारी, अभय कुमार, अनिल कुमार सहित मुखिया व कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पचमो हेल्थ वेलनेस सेंटर पर मना परिवार कल्याण दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत पचमो वेलनेस सेंटर पर परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नव दंपती को गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। परिवार कल्याण दिवस कार्यक्रम में हेल्थ वेलनेस सेंटर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बबलू कुमार ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। खुशहाल परिवार दिवस में विभिन्न गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने को लेकर भ्रांति भी दूर की जाती है। इसके अलावा दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का सुरक्षित अंतर रखने के लिए परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की जानकारी दी जाती है। इस दौरान धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को लांच बॉक्स का उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एएनएम सुमन कुमारी, सविता मंजू देवी, सहिया ललिता देवी, कलवंती देवी, इंदु देवी, प्रियंका कुमारी, कविता कुमारी, कलावती देवी, पूनम देवी, धात्री सुमन देवी मुन्नी देवी और कांति देवी आदि उपस्थित थीं।

# मौनी आमावस्या पर महाप्रसाद का वितरण



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो के हिंदुस्तान पुल के समीप दामोदर नदी तट स्थित मॉ शमशान काली मंदिर में बुधवार को माघ अमावस्या (मौनी अमावस्या) पूजा का आयोजन हुआ। पूजारी राकेश पांडेय व बिट्टू पांडेय ने मां काली की पूजा की। इसके बाद खिचड़ी महाप्रसाद वितरित किया गया। पंडित राकेश पांडेय के अनुसार मौनी अमावस्या हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण तिथि है। मौनी शब्द का अर्थ है मौन यानी चुप रहना। इसे मौन रहने और आत्मचिंतन के लिए विशेष दिन माना जाता है। कहा कि मौनी अमावस्या के दिन नदियों में स्नान और दान धर्म आदि के कार्य करने से पापों का प्रायश्चित होता है। अमावस्या के दिन मां काली की पूजा करने से तनाव और संकट दूर होते है। मौके पर बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के आर उनेश, पिंटू सिंह, अनिल गुप्ता, रेणु सिन्हा, संजीव सिंह, देव कुमार सिंह, सुमित सिंह, सुशांत राईका, सोनू सिन्हा, कांति देवी, सूरज मित्तल, मुकेश कुमार, सतीश सिंह आदि थे।

# बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ ही कौशल विकास की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से सुसज्जित करें : रवि गुप्ता

**डिवाइन पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के डिवाइन पब्लिक स्कूल में बुधवार को समारोह आयोजित कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। कई छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा, झारखंड की संस्कृति, हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई एकता, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत एवं नाटक के जरिए प्रस्तुत कर समाज के लोगों को जागरूक किया था। विद्यालय के निदेशक रवि कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार देने में स्कूल की अहम भूमिका रहती है। सम्मान समारोह कार्यक्रम से बच्चों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ती है। वहीं, प्रधानाध्यापक रवि कुमार गुप्ता ने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ ही कौशल विकाश की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से सुसज्जित करें। जिसका सुखद परिणाम है कि विद्यालय के कई बच्चे लगातार शिक्षा के अलग-अलग क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर शिक्षक विजय मुन्ना, राजेश कुमार, सुनीता कुमारी, खुशी सिंह, रिंकी कुमारी, रिया सिंह, शबाना आजमी, बिकेश कुमार, ग्रिजेश मिश्रा आदि मौजूद थे।



# प्रज्ञा केंद्र संचालकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को क्षेत्र के प्रज्ञा केंद्र संचालकों का दो दिवसीय संकुल स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह आयोजन झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश पर किया गया। प्रशिक्षक अरविंद कुमार व पंकज कुमार ने प्रशिक्षुओं को कई जानकारी दी। कहा कि सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 के सफल क्रियान्वयन के लिए इग्राम स्वराज के साथ ही टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट प्रोग्राम, पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स व जीइएम पोर्टल के सफल संचालन को लेकर सक्रियता के साथ कार्य करने की जरूरत है। मौके पर प्रखंड समन्वयक राजू रंजन आदि उपस्थित थे।

# मृतक के आश्रितों से मिले समाजसेवी कमलेश, ढांढ़स बंधाया

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत पत्थरा गांव निवासी केशरी भुईयां (55) की लंबी बिमारी के बाद बुधवार अहले सुबह निधन हो गया। जिससे पूरे गांव में शोक की लहर है। इसकी सूचना पाकर मृतक के घर पर पहुंचे समाजसेवी सह राजद नेता कमलेश यादव ने आश्रितों से मिलकर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं, मृतक का अंतिम ाह संस्कार गांव के पास ही असमाशन घाट पर किया गया। बड़े पुत्र अजीत भुईयां ने मुखाग्नि दी। वहीं, दाह संस्कार में वार्ड सदस्य सोनू चौधरी, अर्जुन यादव, विजय यादव, ब्रह्मदेव यादव, रामानन्द यादव, बिलाश भुईयां, सुरेश भुईयां, संजय यादव, अशोक भुईयां और प्रमोद भुईयां आदि शामिल हुए।



# रबी फसल को लेकर आयोजित पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत सदर पंचायत स्थित कृषक पाठशाला सभागार में बोकारो जिला कृषि कार्यालय के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की ओर से रबी फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत आयोजित पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र सौंपा गया। आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव वासुदेव शर्मा ने कहा कि बोकारो जिला कृषि कार्यालय द्वारा पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में रबी फसल से संबंधित जानकारी किसानों को दी गई। साथ ही पौधों में लगने वाले कीटों के बारे में भी जानकारी दिया गया। वहीं, प्रशिक्षक भुनेश्वर महतो ने किसानों को रबी फसल के बारे में जानकारी देते हुए फसल के बचाव सहित उनके उपचार के बारे में बताया। साथ ही जैविक कीटनाशक, जैविक उपचार सहित निमास्त बनाने की विधि एवं छिड़काव, कीट एवं रोग से परिचय, रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग, समेकित कीट प्रबंधन की जैविक एवं रासायनिक विधियों के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर बाबूलाल नायक, अजय कुमार, अरुण कुमार, दीपक कुमार आदि थे।

# संत मरियम के रौनक को अविनाश देव ने किया सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भूटान के फुंटशोलिग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के फाईट इवेंट में गोल्ड मेडल व एक लाख रुपये का पुरुस्कार जीतने वाले रौनक कुमार को संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पढाई के साथ ही आत्म-रक्षा कला का ज्ञान लेना जरू री है। इसे भी पढाई के एक विषय में शामिल किया जाये, ताकि विषम परिस्थितियों में हम इसका लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है। एक अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता है जो कि समय-समय पर बच्चों को प्रेरित करता रहे, ताकि खेल के प्रति बच्चों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा बढे। चयनित रौनक को मलेशिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का सारा खर्च विद्यालय वहन करेगी। इस मौके पर उप प्रचार्य एसबी शाहा, कोऑर्डिनेटर अचला सिंह, मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार, गायत्री दत्त, फरवीन खातुन, एकता सहाय, रेखा सिन्हा, चांदनी कुमारी, पल्ल्वी कुमारी, अंशु कुमारी, पूजा कुमारी, प्रिया सिन्हा आदि मौजूद थे।

# व्यापार मंडल भवन में कुट्टी-भूसा देख एसडीएम भड़के

## अविलंब भवन को खाली करने का दिया निर्देश, ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी


हरिहरगंज व्यापार मंडल भवन का निरीक्षण करते एसडीएम आशीष गंगवार।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) आशीष गंगवार ने बुधवार को हरिहरगंज व्यापार मंडल भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान के भवन में रखे कुट्टी-भूसा देखकर भड़क गये। व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपेश्वर सिंह ने एसडीएम को बताया की कई वर्षों से विमलेश यादव द्वारा भूसा एवं अन्य सामान रख कर कारोबार किया जा रहा है। खाली करने के लिए कई बार कहा गया, लेकिन खाली नहीं किया गया। इस पर एसडीएम ने विमलेश यादव को 24 घंटे के अंदर भवन को खाली करने का निर्देश दिया है। लगे हाथ भवन खाली नहीं करने पर सीओ मनिष सिंहा को प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दिया है। एसडीएम ने बताया कि व्यापार मंडल के भवन में गलत तरीके से अतिक्रमण किया गया है। भवन में कुट्टी - भूसा रखा गया है, जो गलत है। इस मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनिष सिन्हा और एमओ ब्रजेश कुमार उपस्थित थे।

### एसडीएम ने की समीक्षा बैठक, डाटा प्रविष्टि करने का निर्देश

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की नीति आयोग की ओर से संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज ब्लॉक सभागार में बुधवार को विभिन्न विभागों से संबंधित सूचकांकों की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) आशीष गंगवार ने की। इसमें आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न विभागों स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, शिक्षा, पीएचईडी, जेएसएलपीएस, पशुपालन, ग्रामीण विकास, स्वच्छता, पंचायती राज, जल संसाधन, समाज कल्याण विभाग आदि से संबंधित कुल 40 इंडिकेटर के विषय में संबंधित विभाग से डिनोमिनेटर व नुमेरेटर पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की गयी। सभी संबंधित विभाग को समय पर अपने-अपने विभाग से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल पर डाटा प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि पलामू जिले का एकमात्र प्रखंड हरिहरगंज आंकाक्षी प्रखंड है। उक्त प्रविष्ट डाटा के आधार पर ही तिमाही आधार पर प्रखंड का रैंकिंग निर्धारित किया जाता है। इस मौके पर बीडीओ परितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष सिन्हा, बीइओ ब्रजेश कुमार, आकांक्षी प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद, बीपीएम मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।



## ट्रांसफार्मर खराब होने से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के बेंदौरा गांव में राजकीय मध्य विद्यालय बेंदोरा के बगल में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों और विद्यालय के छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है। यह ट्रांसफार्मर पिछले दो महीनों से खराब है, जिसके कारण विद्यालय में आइसीटी और संपर्क टीवी क्लास नहीं चल पा रही हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस ट्रांसफार्मर से लगभग 223 परिवारों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। विधानसभा चुनाव के दौरान भी यह ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसके बाद 63 केवी का एक नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था। लेकिन यह ट्रांसफार्मर भी एक सप्ताह के बाद खराब हो गया, क्योंकि इसकी क्षमता अधिक उपभोग के लिए उपयुक्त नहीं थी। अब ग्रामीणों और विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सहायक विद्युत अभियंता से अनुरोध किया है कि वे 100 केवी का एक नया ट्रांसफार्मर लगाएं, जो उनकी आवश्यकताओं को पूरा कर सके। उन्होंने कहा है कि यदि यह ट्रांसफार्मर लगाया जाता है, तो इससे न केवल विद्यालय के छात्रों को लाभ होगा, बल्कि ग्रामीणों को भी विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। इस संदर्भ में, प्रधानाध्यापक ने कहा है कि वे सहायक विद्युत अभियंता के इस निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही यह ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि इससे न केवल विद्यालय के छात्रों को लाभ होगा, बल्कि ग्रामीणों को भी विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीणों में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी देते हुए नये 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगवाने की मांग की है।

## जनजातीय गौरव दिवस पर रोजगार मेला आयोजित

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन एवं पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नगर भवन, गुमला में भव्य जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र जारिका ने रोजगार मेले के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मेला दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से 1000 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया। इस रोजगार मेले में 25 कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाये गये, जिनके माध्यम से कुल 684 युवाओं का पंजीकरण किया गया।

# जनता के कर्ज को दायित्व मान उतार रहा हूं : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आदिवासी उच्च विद्यालय गढटोली, गुमला के स्थापना दिवस - सह 50 वर्षीय स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुखदेव भगत उपस्थित हुए। सांसद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस सुदूर आदिवासी क्षेत्र में 50 वर्ष पहले स्व नारायण भगत, मनोहर तिर्की, सारू कुंवर उरांव ने शिक्षा का अलख जगाया मैं उन्हें नमन करता हूं। श्री भगत ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा की जनता ने जिस विश्वास से मुझे सांसद बनाया है उसी विश्वास के साथ पहले संसद सत्र में सरना धर्मकोड़ का मुद्दा और पर्यटन कॉरिडोर हेतु सिरा सीता नाले अंजन धाम को विकसित करने का मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर सैनिक विद्यालय एवं रेलवे के विस्तार हेतु लोहरदगा से गुमला सिमडेगा को जोड़ने की बात कही। क्षेत्र की जनता का कर्ज मेरे ऊपर है उसे दायित्व मानकर कार्य कर रहा हूं दौरे के क्रम में संत इग्नसियूस मध्य विद्यालय सोसो, शकरपुर गम्हरिया जिलंगा गढ़टोली के शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने स्वागत किया एवं अपने समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, आलोक साहू, अनिरुद्ध चौबे, रवि रोशन, निरंजन कुमार, जय सिंह, दीप नारायण उरांव, संतोष कुमार गुड्डू, सरवर अंसारी, प्रधान अध्यापिका कल्याणी कुजूर, एल्विन मिंज, रघुनाथ सिंह, महादेव भगत, बुद्धेश्वर उरांव, भैया राम उरांव, मनोज तिर्की, रोहित उरांव, रमेश उरांव, अल्बर्ट तिग्गा इत्यादि उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर मैराथन का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुमला जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। यह अभियान 1 जनवरी से चलाया जा रहा है जो पूरे जनवरी माह तक चलेगा। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें लोगों को ट्रैफिक नियमों के महत्व के बारे में बताया जा रहा है और यातायात नियमों के पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं इस मैराथन दौड़ में गुमला जिले के एसपी शंभू कुमार सिंह, डीडीसी दिलेश्वर महतो, डीटीओ, एसडीपीओ, डीएलएसए सचिव, डीएसइ, सार्जेंट मेजर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभास ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। वाहन चलाते समय अपने जान के प्रति जिम्मेदार रहें।

## भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में विज्ञान और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ दिनेश कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। बीडीओ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का संचार होता है, विज्ञान में अधिक रुचि बढ़ती है जिससे आविष्कार करने की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय के द्वारा बेहतर प्रयास बच्चों को प्रेरित करने के लिए किया जा रहा है आने वाले समय में बच्चे विद्यालय व शिक्षक का नाम निश्चित तौर पर रोशन करेंगे। इस प्रदर्शनी में कुल 257 मॉडल प्रस्तुत किया गया जिसमें एडवांस्ड शटर सिक्योरिटी सिस्टम, वॉइस कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन, मोबाइल कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन सहित कई मॉडल प्रस्तुत किया गया। पाँचवी वर्ग के छात्राओं ने बॉर्डर सिक्योरिटी के लिए रोबोट बना कर अपना रोबोटिक्स में दबदबा दिखाया और बताया कि किस तरह से मानव रहित हम अपने सीमा की सुरक्षा कर सकते है। जरूरत पड़ने पर यह रोबोट गोली और हैंड ग्रनेड जैसे घातक हथियार को भी चला सकते है। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर, प्रकाश पांडेय, शशि भूषण गोस्वामी, आकांशा सिंह, नूतन सिंह, निशा कुमारी, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी,संध्या कच्छप, प्रियंका कुमारी, सुभद्रा देवी, दीपा देवी, सपना कुमारी, कविता पांडेय, ज्योति देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अनिला देवी
मुखिया
पंचायत - अंबाखोरिया
प्रखंड - धुरकी, जिला - गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
उपेंद्र कुमार
थाना प्रभारी
धुरकी थाना
जिला - गढ़वा



FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह
मुखिया प्रतिनिधि
विश्रामपुर पंचायत रंका,
गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
सतीश उपाध्याय
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंजरी
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
विश्वनाथ राम
पंचायत सेवक मदगडी (च )
पंचायत प्रखंड बड़गढ़,
जिला गढ़वा



प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's® Today® CHAPTERWISE® CLASS - XI 2025
With OMR Sheet for Practice
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
विज्ञान विषय: हिन्दी (कोर), अंग्रेजी (कोर), अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन, गणित, जीवविज्ञान एवं कम्प्यूटर साइंस
मूल्य ₹190 मात्र
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
हासिम अंसारी
मुखिया
पंचायत - मानपुर
प्रखंड - रंका, जिला - गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
शिव पूजन तिवारी
अंचल पदाधिकारी
अंचल - रंका , जिला - गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
रमाशंकर सिंह
पद - पंचायत सेवक
प्रखंड - धुरकी
जिला - गढ़वा



POPKORN cinemas
Now Showing
SUJATA PICTURE PALACE



at Screen-1 (Sujata) Schedule For 24th Jan., 2025 onwards!
Sky Force : 11.00, 1.15, 3.30, 5.45, 8.00
at Screen-2 (Miniplex)
Daaku Maharaaj (Hindi) : 11.30
Pushpa: The Rule-Part 2 : 2.15
Marco : 6.30
at Popkorn Cinemas
Sky Force : 10.45, 1.00, 3.30, 6.00, 8.30
Daaku Maharaaj (Hindi) : 4.15
Pushpa: The Rule-Part 2 : 12.15, 7.00
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अंजु देवी
मुखिया
पंचायत - रक्सी
प्रखंड - धुरकी, जिला - गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
श्रवण कुजूर
मनरेगा रोजगार सेवक पंचायत
फकीरा डीह प्रखंड भंडरिया
जिला गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
इन्द्रजीत कुशवाहा
पदनाम-मुखिया
पंचायत-बीरबल
प्रखंड-सगमा, जिला-गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
प्रवणता देवी
मुखिया पंचायत जेनेवा
प्रखंड भंडारिया, जिला गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
डॉ. रत्नेश कुमार
चिकित्सा पदाधिकारी
धुरकी
जिला - गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
रणजीत सोनी
प्रभारी मुखिया
पंचायत - रंकाकला
प्रखंड - रंका, जिला - गढ़वा



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अनिल प्रसाद
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय परो
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा




गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
NAVJEEVAN HOSPITAL
& PRO DENTAL CARE
विजय मेडिकल हॉल
थाना चौक, मेराल
नोट- हमारे यहाँ सभी प्रकार के अंग्रेजी एवं आयुर्वेदिक दवाईयाँ उचित मूल्य पर मिलता है।
पप्पु पैथोलॉजी सेंटर
Mob.- 8340605455, 9939122250
हमारे यहाँ सभी प्रकार के जाँच किया जाता है। जैसे- खुन, पेशाब, लिवर, किडनी इत्यादी।
एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध है।



Dr. Anuj Yadav
Dental Surgeon
Hospital Chauk Meral
Dr. Deepak Kumar
Oral Physician & Surgeon

!! इन्टर पास युवक-युवतियों के लिए सुनहरा अवसर !!
किस्मती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फॉर्मेसी
हाई स्कूल रोड, मेराल, गढ़वा, झारखण्ड (822133)
सम्पर्क नं. : 9113386593, 6299180537, 7004971298
Approved by JNRC Ranchi & INC' New Delhi (Govt. of India) & JSPC Ranchi & PCI New Delhi (Govt. of India)
नामांकन प्रारम्भ
Degree 100% Vaid for Govt. job
A.N.M. INTER (ANY STREAM) 2 Years
G.N.M. INTER (English 40%) 3 Years
D. PHARMA I.Sc. (MATH/BIO) 2 Years
B. PHARMA I.Sc. (MATH/BIO) 45% 4 Years
LIMITED SEAT/100% PLACEMENT ASSISTANCE
सुविधाएँ
1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति एवं अल्प संख्यक जाति के लिए झारखण्ड द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध है।
2. अत्याधुनिक प्रयोगशाला एवं क्लासरूम के साथ ही निःशुल्क वाईफाई सुविधा उपलब्ध है। 3. युवक/युवतियों के लिए अलग-अलग छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।
प्रशासनिक कार्यालय : A Unit of HOPE C/O IIPMT (PARAMEDICAL)
JAIL HATA ROAD, INFONT OF CANARA BANK DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND
MOB : 9113386593, 9031006671, 916564299500
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अनिल साह
लव कुमार सिंह
बीरेंद्र प्रसाद
KISMATI GROUP OF EDUCATION



JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
आफताब आलम
जिला अध्यक्ष, गढ़वा
राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन
(रजि० न ० -163/2019)



# धनबाद में एक फरवरी से पानी की सप्लाइ हो सकती है बंद, 10 लाख लोग होंगे प्रभावित

## अगर जलापूर्ति बाधित होती है तो मेरी जिम्मेवारी नहीं होगी : अभय सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहरी जलापूर्ति योजना और जामाडोबा जेएनएनयूआरएम शहरी जलापूर्ति योजना के एक फरवरी से बाधित होने की संभावना है। योजना संचालन एजेंसी के कर्मियों ने कई महीनों से मासिक मानेदय भुगतान लंबित रहने को लेकर एक फरवरी से जलापूर्ति बंद करने की चेतावनी दी है। इन दोनों जलापूर्ति योजना पर लगभग 10 लाख लोग निर्भर हैं। जलापूर्ति बंद होने से संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जानकारी के मुताबिक धनबाद शहरी व जामाडोबा जलापूर्ति योजना का संचालन मेसर्स अभय सिन्हा की एजेंसी कर रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल महीने से भुगतान लंबित है। नौ महीने से संचालन व रखरखाव के लिए कोई राशि नहीं दी गई है। एजेंसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता प्रमुख को त्राहिमान संदेश भेजकर बकाया बिल भुगतान करने का आग्रह किया है। डीसी और नगर आयुक्त सहित धनबाद व टुंडी के विधायक को भी प्रतिलिपि दी गई है। एजेंसी की ओर से कहा गया है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल-1 व अधीक्षण अभियंता के मौखिक आश्वासन पर संचालन कार्य में लगे कर्मियों को 20 जनवरी तक मासिक वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके अब तक बकाया का भुगतान नहीं किया गया है। इस कारण कर्मियों का मासिक वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। इससे पहले भी एजेंसी की ओर से दो बार पत्र लिखा गया है।

### छह करोड़ से अधिक बकाया भुगतान लंबित

दोनों शहरी जलापूर्ति संचालन एजेंसी के मालिक अभय सिन्हा का कहना है कि बिल भुगतान नहीं होने से जलापूर्ति में कठिनाई आ रही है। धनबाद शहरी जलापूर्ति का अप्रैल से दिसंबर व जामाडोबा का सितंबर से बिल लंबित है। छह करोड़ रुपये से अधिक बकाया हो गया है। पेयजल विभाग को दो-तीन बार पत्र लिखने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसी कारण कर्मियों को वेतन भुगतान करने में असमर्थ हूं। अगर एक फरवरी से जलापूर्ति बाधित होती है तो इसमें मेरी जिम्मेवारी नहीं होगी।

## डीजल-पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंचे झमाडा के मृत कर्मियों के आश्रित, हड़कंप

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (झमाडा) के मृत कर्मचारियों के आश्रितों का आंदोलन बुधवार को चरम पर पहुंच गया। 50 से अधिक आश्रित पेट्रोल लेकर आत्मदाह की धमकी देते हुए धरना स्थल पर पहुंच गये। ये सभी अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर पिछले 1072 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की। झमाडा कार्यालय में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात कर दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर 108 एंबुलेंस और दमकल वाहन भी मौके पर मौजूद रहे। मजिस्ट्रेट नारायण राम आंदोलनकारियों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। आंदोलनकारी मोहम्मद अजहर अंसारी के अनुसार, 10 दिन पहले ही आत्मदाह की चेतावनी दी गई थी। 15 अक्टूबर को भी इसी मुद्दे पर आंदोलन हुआ था, जिसके बाद प्रबंधन ने 10 दिनों में नगर विकास विभाग को पत्र भेजने का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि झमाडा पिछले 14 वर्षों से अनुकंपा बहाली नहीं कर रहा है। 22 फरवरी 2022 से चार दर्जन से अधिक आश्रित लगातार धरने पर बैठे हैं। वहीं, झमाडा के प्रभारी रविराज शर्मा ने बताया कि आश्रितों की मांगों को सरकार के समक्ष रखा गया है और निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है। उन्होंने आंदोलनकारियों से चार दिन का समय मांगा है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और आंदोलनकारियों के अगले कदम पर सबकी नजरें टिकी हैं।



## दुष्कर्म के आरोपी को जेल

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को बेरमो ने बुधवार को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता ने बेरमो थाना में बुधवार को इमरान खान नामक आरोपित के खिलाप उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिक दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपित इमरान को अमलो बस्ती स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही बेरमो पुलिस की ओर से न्यायालय में उप स्थापित कराते हुए (फिंगर प्रिंट ) करा कर तेनुघाट भेजा गया।

## सुनीता कुमारी ने गिरिडीह सांसद से शव वाहन उपलब्ध कराने की मांग की



**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात की। उन्हें पत्र सौंपकर डुमरी में सांसद निधि से शव वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि डुमरी प्रखंड में करीब तीन लाख की आबादी है। यहां से दो नेशनल हाईवे गुजरी है। जिससकारण हादसे होते रहते हैं। शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए गिरिडीह ले जाना होता है। पर शव गिरिडीह ले जाने के लिए वाहन नहीं मिलते हैं। मजबूरन माल ढोवा पिक-अप वाहन में शव ले जाना पड़ता है। कई बार तो शव को ठेले से भेज दी जाती है। जिसका विरोध करने पर मुकदमा भी दर्ज की जाती है। इसलिए प्रखंड में एक शव वाहन की आवश्यकता है। जिप सदस्या ने बताया कि सांसद ने भरोसा दिया है कि सांसद निधि से डुमरी प्रखंड में शव वाहन जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा।


**राँची समाहरणालय, राँची**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**
www.dlaoranchi.in, dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

**ग्राम सभा**

पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड जगुआर (एस०टी०एफ०), राँची द्वारा **झारखण्ड जगुआर (STF) कैम्प मुख्यालय स्थापना परियोजना** (वाद संख्या–49/2023–24) अन्तर्गत मौजा–टेण्डर में भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्रामसभा का आयोजन दिनांक–30.01.2025 को अपराह्न 12.30 बजे पंचायत भवन, मनातु में किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| दिनांक | समय | संबंधित मौजा का नाम | ग्राम सभा का आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 30/01/2025 | 12.30 अपराह्न | टेण्डर | पंचायत भवन, मनातु |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी भूमि संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र आदि की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची

PR 345356 Land Reforms(24-25).D


## एआइआरएफ की वर्किंग कमेटी की बैठक में रेलकर्मियों के कई मुद्दों पर चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन की वर्किंग कमेटी की दो दिवसीय 27-28 जनवरी को चेन्नई में संपन्न हुई। जिसमें ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। धनबाद मंडल से ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री एवं एआईआरएफ के वर्किंग कमेटी सदस्य मो ज्याऊद्दीन और एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा उपस्थित थे। इस राष्ट्रीय स्तर की बैठक में भारतीय रेलवे के सभी जोन्स एवं मेट्रो रेलवे के प्रतिनिधिमण्डल शामिल हुए और दिसंबर 2024 में मान्यता प्राप्त करने के लिए हुए गुप्त मतदान के परिणामों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एन कन्हैया और संचालन महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने किया। बैठक में सभी जोन्स से आए प्रतिनिधियों ने दिसंबर में हुए गुप्त मतदान की प्रक्रिया सहित रेलकर्मियों के विभिन्न मुद्दों को रखा और समाधान को लेकर चर्चा की गयी। शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि इसबार के मतदान में रेलकर्मियों की एकता को तोड़ने के काफी कुचक्र रचे गए। कई मुद्दों पर रेलकर्मियों को झूठे सपने दिखाए गए। रेलकर्मियों के जरूरी कामों के लिए दिन-रात तैयार रहने वाले, प्रशासन के समक्ष गंभीर समस्याओं को उठाने वाले और सहयोगी कैडर द्वारा किए गए मानवीय व्यवहार को भुलाकर उन्हें दरकिनार कर नेतृत्व से अनुभवहीन यूनियनों को रेलकर्मियों ने प्राथमिकता दी। इससे आने वाले दिनों में रेलकर्मियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने ईसीआरकेयू के हर कैडर को संदेश दिया कि पहले से भी दुगने उत्साह के साथ रेलकर्मियों की समस्याओं को उठायें। वहीं, ईसीआरकेयू के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि इस बैठक में वर्किंग कमेटी के सदस्यों के रूप में ईसीआरकेयू की ओर से मो ज्याऊद्दीन (धनबाद मंडल), मिथिलेश कुमार (डीडीयू मंडल), मनीष कुमार (मुख्यालय हाजीपुर) एवं मृदुला कुमारी (महिला शाखा, पटना) और एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद ने मनाया भारतीय समाचार पत्र दिवस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद जिला ने बुधवार को भारतीय समाचार पत्र दिवस मनाया। इस दौरान सभी समाचार पत्रों को समाचार पत्र पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने, सामाजिक- राजनीतिक मामलों से पाठकों को अवगत कराने और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जो भारत के लोकतंत्र की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, इन सभी महत्वपूर्ण योगदानों के लिए बधाई दी। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने बताया कि आज हम स्वतंत्रता के पूर्व 1780 में पहले समाचार पत्र 'हिक्कीस बंगाल गजट' के प्रकाशन की स्मृति में इंडियन न्यूजपेपर डे मना रहे हैं। इसी साप्ताहिक अखबार ने पत्रकारिता के नए युग की शुरूआत की। क्लब के सभी सदस्याओं ने समाज के प्रति समाचार पत्रों की जिम्मेदारी को अहम बताते हुए प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। दैनिक जीवन में समाचार पत्र के योगदान की सराहना की गयी। वहीं, प्रेस प्रतिनिधियों को शॉल, पौधे एवं स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। इनर व्हील क्लब धनबाद माइलस्टोन की सदस्याओं ने बताया कि प्रतिवर्ष नेशनल न्यूजपेपर डे का आयोजन इनर व्हील क्लब द्वारा किया जाता है। इस मौके पर उपाध्यक्ष लीना झा, सचिव ऋतु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, एडिटर गीता चौबे, ऊषा सिंह, मनीषा गांधी आदि शामिल हुए।

## परिवहन कार्यालय से निकाली बाइक रैली

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक को लेकर मंगलवार को परिवहन कार्यालय से बाइक रैली निकाली गई। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह और आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली परिवहन कार्यालय से लुबी सर्कुलर रोड होते हुए पूजा टॉकिज, डीआरएम चौक, कोर्ट मोड़, रणधीर वर्मा चौक से परिवहन कार्यालय पहुंची। रैली को रवाना करने के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क पर पैदल, टू व्हीलर या चार पहिया वाहन से चलने वाले लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश रैली के माध्यम से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात विभाग ट्रैफिक विभाग की ओर से नियमित रूप से ऐसा अभियान चलाया जा रहा है।


**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचांच**
(Mail Id:- nagarpan.dm@gmail.com)

**आवश्यक सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना –शहरी 2.0 अन्तर्गत "लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण" हेतु नगर पंचायत डोमचांच कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। वैसे योग्य लाभुक जिसका अपना जमीन हैं तथा जिसका पूरे भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नही है एवं जो विभिन्न कारणो से योजना के लाभ से वंचित रह गये हैं, ऐसे सभी लाभुको को सूचित किया जाता है कि अगर वह इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक है तो सभी दस्तावेजो के साथ नगर पंचायत डोमचांच कार्यालय में आकर आवेदन दे सकते हैं।

➢ प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत पात्रता एवं शर्तेः–
- योजना के अन्तर्गत लाभुक परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होगें।
- लाभुक अथवा लाभुक के परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पूरे भारत वर्श में कहीं भी पक्का मकान नही है वही परिवार इस योजना को प्राप्त कर सकते हैं।
- पूर्व से संचालित केन्द्र/राज्य प्रायोजित आवासीय योजनाओं का लाभ लिए हुए लाभुक इस योजना के पात्र नही होगें।
- लाभुक आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होगें, जिनकी वार्शिक आय–300000/– (तीन लाख) से कम हो।

➢ आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है –
- परिवारिक फोटो (घर के साथ), एवं आवेदक का दो पासपोर्ट फोटो,
- मतदाता पहचान पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति,
- बैंक अकाउंट हेतु पासबुक की छाया प्रति,
- आय प्रमाण पत्र,
- भू–स्वामित्व पत्र,
- भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नही होने का शपथ पत्र,
- आवेदन हेतु लाभुक का Active मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक्ड हो।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत डोमचांच

PR.NO.345387 Urban Development(24-25):D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि लातेहार एवं डुरूआ शहरी जलापूर्ति योजना के तहत विभिन्न उपभोक्ताओं को नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय से तीन नोटिस निर्गत किये जाने के उपरांत अपने आवासीय/व्यवसायीक परिसर में लगाये गये जल संयोजन (Water Connection) के बकाया राशि का भुगतान अब तक नगर पंचायत, लातेहार के जन सुविधा केन्द्र में नहीं किया गया है। वैसे सभी उपभोक्ताओं को निदेशित किया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर अपने नामों के सामने अंकित राशि को नगर पंचायत, लातेहार के जन सुविधा केन्द्र में आकर जमा करें, अन्यथा सात दिनों की अवधि बीत जाने के उपरांत नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय द्वारा आपके आवासीय/व्यवसायीक परिसर में लगाये गये जल संयोजन विच्छेद कर आपके विरूद्ध निलाम पत्र वाद (Certificate Case) दायर किया जायेगा, तथा इस संबंध में आपके द्वारा बाद में किया गया कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। जलकर के बकायादारों का विवरण निम्नवत हैं :–

| क्र0 | जलकर के बकायदारों का नाम एवं पता | जल संयोजन सं0 | नोटिस निर्गत की ज्ञापांक/दिनांक | अद्यतन बकाया राशि (माह जनवरी, 2025 तक) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सुरेन्द्र प्रसाद, धर्मपुर, लातेहार | LAT2500120044762 | 3246/18.12.2023 1856/30.08.2024 2966/09.12.2024 | 28180.00 |
| 02 | मथुरा राम, वार्ड सं0 09, लातेहार | LAT2500090044801 | 3247/18.12.2023 1858/30.08.2024 2949/07.12.2024 | 24368.00 |
| 03 | बुधन साव, गिजनीयाटांड, लातेहार | LAT2500090044872 | 3249/18.12.2023 1859/30.08.2024 2950/07.12.2024 | 16644.00 |
| 04 | अशोक प्रसाद, प्रभात खबर गली, वार्ड सं0 08 लातेहार | LAT2500080044903 | 3251/18.12.2023 1861/30.08.2024 2952/07.12.2024 | 21690.00 |
| 05 | राज किशोर प्रसाद गुप्ता, चटनाही लातेहार | LAT2500060044718 | 377/01.02.2024 1862/30.08.2024 2953/07.12.2024 | 18240.00 |
| 06 | गणपत साव, कारगिल पार्क के सामने, थाना चौक, लातेहार | LAT2500000044751 | 379/01.02.2024 1863/30.08.2024 2954/07.12.2024 | 12600.00 |
| 07 | राम लखन दास, वैष्णव मंदीर गली, थाना चौक, लातेहार | LAT2500070044920 | 383/01.02.2024 1864/30.08.2024 2955/07.12.2024 | 33849.00 |
| 08 | बाबुलाल साहु, मेन रोड़, लातेहार | LAT2500090044605 | 386/01.02.2024 1866/30.08.2024 2957/07.12.2024 | 27960.00 |
| 09 | जगरनाथ प्रसाद, पिता– बुधन साव, गिजनीयाटांड, लातेहार | LAT2500090045078 | 1895/05.09.2024 3123/23.12.2024 3174/03.01.2025 | 22260.00 |
| 10 | महेन्द्र प्रसाद, पिता– ज्वाला प्रसाद वार्ड सं0 09 मेन रोड़, लातेहार | LAT2500090045001 | 1898/05.09.2024 3126/23.12.2024 3175/03.01.2025 | 19578.00 |
| 11 | शम्भु प्रसाद, पिता– भरत साव, जुबली चौक, लातेहार | LAT2500090044969 | 1899/05.09.2024 3127/23.12.2024 3176/03.01.2025 | 9028.00 |
| 12 | मुद्रिका प्रसाद, पिता– स्व0 लखन प्रसाद, जुबली चौक, लातेहार | LAT2500090044954 | 1900/05.09.2024 3128/23.12.2024 3177/03.01.2025 | 12784.00 |
| 13 | अवध बिहारी प्रसाद, पिता– बाबुलाल प्रसाद, मेन रोड़, लातेहार। | LAT2500090044908 | 1902/05.09.2024 3129/23.12.2024 3178/03.01.2025 | 16824.00 |
| 14 | चून्नू राम, पिता– भगवत राम, जुबली चौक, लातेहार | LAT2500090044842 | 1903/05.09.2024 3130/23.12.2024 3179/03.01.2025 | 11724.00 |
| 15 | अशोक कुमार, पिता– चमार साव, वार्ड सं0– 09, लातेहार | LAT2500090044810 | 1904/05.09.2024 3131/23.12.2024 3180/03.01.2025 | 15612.00 |
| 16 | अम्बीका प्रसाद, जुबली रोड़, लातेहार | LAT2500090044776 | 1905/05.09.2024 3132/23.12.2024 3181/03.01.2025 | 21276.00 |
| 17 | भोला साव, जुबली रोड़, वार्ड सं0 09 लातेहार | LAT2500090044726 | 1907/05.09.2024 3133/23.12.2024 3182/03.01.2025 | 9840.00 |
| 18 | सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता– बिच्छुन साव, जुबली चौक, लातेहार | LAT2500090044657 | 1909/0509.2024 3134/23.12.2024 3183/03.01.2025 | 11300.00 |
| 19 | ब्रजमोहन प्रसाद, मेन रोड़, वार्ड सं0– 09, लातेहार | LAT2500090044607 | 1911/05.09.2024 3135/23.12.2024 3184/03.01.2025 | 16384.00 |
| 20 | युगल किशोर प्रसाद, पिता– राम लखन साव, जुबली चौक, लातेहार | LAT2500090044993 | 1912/05.09.2024 3136/23.12.2024 3185/03.01.2025 | 26640.00 |
| 21 | पुरने राम, पिता– गरिबा राम, वार्ड सं0 09, गिजनीयाटांड, लातेहार | LAT2500090044975 | 1913/05.09.2024 3137/23.12.2024 3186/03.01.2025 | 25800.00 |
| 22 | केदारनाथ गुप्ता, पिता– साधु साव, वार्ड सं0 09 लातेहार | LAT2500090044921 | 1916/05.09.2024 3138/23.12.2024 3187/03.01.2025 | 28490.00 |

प्रशासक
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.345338 Urban Development(24-25):D


## डिगवाडीह सिंफर में 'सस्टेनेबिलिटी इन कोल बेनिफिशिएशनः चैलेंजेस एंड अपॉच्यूनिटीज' विषय पर कार्यशाला

# हमें पर्यावरणीय पहलुओं पर भी विचार करना चाहिए : प्रो डीडी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोरापोखर।** सीएसआइआर - सीआइएमएफआर, डिगवाडीह के आदित्यनाथ लहरी सभागार में 'सस्टेनेबिलिटी इन कोल बेनिफिशिएशनः चैलेंजेस एंड अपॉच्यूनिटीज' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न कोयला खनन, प्रसंस्करण एवं उपयोग जैसे टाटा स्टील, बीसीसीएल, आइआइटी आइएसएम, एनटीपीसी आदि से विभिन्न विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों एवं शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इस एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता के अलावा विशिष्ट अतिथि सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष प्रो डीडी मिश्रा उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ मंचासीन गणमान्य लोगों ने किया। इसके बाद संस्थान के उत्कृष्ट वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार बनर्जी ने कार्यशाला की सफलता की कामना की। इसके बाद कार्यशाला आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ उदय शंकर चट्टोपाध्याय द्वारा संक्षिप्त परिचय एवं महत्व पेश किया गया। उन्होंने बीसीसीएल की कोयला वाशरियों के विकास में कोयला प्रसंस्करण के क्षेत्र में सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के स्थापना से लेकर अब तक के सतत योगदान का उल्लेख किया। इसके बाद कार्यशाला स्मारिका का अनावरण गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। वहीं, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष प्रो डीडी मिश्रा ने कहा कि भारत में बिजली की मांग बढ़ रही है। सभी पारंपरिक और गैर-पारंपरिक बिजली संयंत्रों को पूरी क्षमता से चलाने पर भी इस मांग को पूरा करना मुश्किल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोयला बिजली उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण जीवाश्म ईंधन के रूप में बना रहेगा। हालांकि, हमें पर्यावरणीय पहलुओं पर भी विचार करना चाहिए। उधर, डॉ समीरन दत्ता ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में ग्लोबल वार्मिंग ने नीति-निमार्ताओं को ऊर्जा सुरक्षा का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए मजबूर किया है। हमारी धरती के शोषण की भरपाई करना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए उन्होंने खदान बंद करने की उचित योजना के महत्व का वर्णन किया। कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा के लिए मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन पर निर्भर करता है, हालांकि पर्यावरण सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए वैज्ञानिक हस्तक्षेप अनिवार्य है। उन्होंने आगे बीसीसीएल वाशरियों के मुद्रीकरण की प्रस्तावित योजना का वर्णन किया, जहां कोयला उपभोक्ताओं को बीसीसीएल के बुनियादी ढांचे पर वाशरी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और वे पूरे धुले हुए उत्पाद को ले जा सकेंगे। अंत में कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ मनीष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके बाद तकनीकी सत्र में कोयला एवं खनिज प्रसंस्करण अनुसंधान समूह के संरक्षक डॉ उदय शंकर चट्टोपाध्याय ने 'कोयला बेनिफिशिएशन में स्थिरता और सीएमपी अनुसंधान समूह की भूमिका' पर अपना व्याख्यान दिया। जबकि टाटा स्टील के अनुसंधान एवं विकास प्रमुख डॉ असीम कुमार मुखर्जी ने 'भारत में इस्पात उद्योग के लिए कोयला धुलाई में चुनौतियां और आगे का रास्ता' पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के ईंधन खनिज एवं धातुकर्म इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार ने 'कोयला वाशरियों से उत्पन्न मिडिलिंग्स से स्वच्छ कोयला वसूली' पर अपना व्याख्यान दिया। अतनु महाता, सहायक महाप्रबंधक, कोक ओवन ऑपरेशन, श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड, डब्ल्यूबी ने 'वर्तमान इस्पात बाजार परिदृश्यों के संबंध में भारत में कोक निर्माण के लिए चुनौतियां और आयातित कोक के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक ब्लास्ट फर्नेस कोक की गुणवत्ता को प्रभावित किए बिना कोयला मिश्रण में धुले कोयले के उपयोग की संभावनाएं' पर अपना व्याख्यान ङ्ग/ी> वहीं, सीएमपीडीआई के उप प्रबंधक (सीपी) अविनाश सुमन ने 'कोयला बेनिफिशिएशन की क्षमता को उन्मुक्त करना, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए एक उत्प्रेरक' पर विचार-विमर्श किया। रांची आरडीसीआईएस के बी घोष ने 'इस्पात निर्माण में स्वदेशी कोकिंग कोयले के उपयोग को बढ़ाना' विषय पर बात की। सीएचई-इंडस्ट्री ग्रुप, पोलैंड के सीईओ टिमोफी चेर्नयेव ने 'कोयला वाशिंग संयंत्रों की दक्षता में सुधार के लिए व्यापक समाधानः कोयला प्रसंस्करण अपशिष्ट के प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण के लिए प्रौद्योगिकियां और उपकरणः डिजाइन और इंजीनियरिंग' विषय पर वर्चुअली प्रस्तुति दी। वहीं, समापन समारोह में सीआईएमएफआर, डिगवाडीह परिसर के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ आशीष मुखर्जी द्वारा सम्मानित किया गया, जिसके बाद उपस्थित सदस्यों के बीच खुली चर्चा हुई। समापन भाषण बीएसएल के प्रभारी निदेशक बीके तिवारी ने दी।



# प्रधानमंत्री ने उत्कर्ष ओड़िशा 2025 में एमसीएल की प्रदर्शनी का दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को 'उत्कर्ष ओड़िशा 2025' में अपनी प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री का स्वागत कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद और एमसीएल के चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक उदय ए काओले ने किया। इस यात्रा के दौरान, काओले ने प्रधानमंत्री को समावेशी विकास में एमसीएल के महत्वपूर्ण योगदान और टिकाऊ कोयला खनन प्रथाओं के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी। कोल इंडिया और कोयला मंत्रालय के तहत अग्रणी कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में, एमसीएल जिम्मेदार ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी बनी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने महानदी कोलफील्ड्स की जन-केंद्रित पहलों, विशेष रूप से माइंस रेस्क्यू टीम में महिलाओं की भागीदारी में रुचि व्यक्त की। यह पहल, पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान उद्योग में महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डालती है, जो खनन क्षेत्र में लैंगिक समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थायी खनन प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एमसीएल पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण में योगदान करते हुए भारत की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस यात्रा ने खनन क्षेत्र में स्थिरता और सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया, जिससे एमसीएल को जिम्मेदार विकास और ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखने की प्रेरणा मिली।

# केंद्रीय मंत्री ने आइटी, एआइ और सेमीकंडक्टर विकास में ओड़िशा की भूमिका पर प्रकाश डाला

**ओड़िशा में एआइ कंप्यूट सुविधा और डेटा सेंटर की स्थापना की जायेगीः वैष्णव**

**आइटी पहलों के लिए 7,000 करोड़ का निवेश ओड़िशा को वैश्विक मंच पर स्थान दिलायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और आइटी और सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्कर्ष ओड़िशा-मेक इन ओड़िशा कांक्लेव 2025 के दौरान आइटी/आइटीइएस/इएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण) पर क्षेत्रीय सत्र को संबोधित किया। भारत की तकनीकी क्रांति में ओड़िशा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने आइटी, एआइ, सेमीकंडक्टर और बुनियादी ढांचे के निवेश में प्रमुख विकास को साझा किया जो राज्य के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार हैं।

**ओड़िशा के लिए एक वैश्विक मंच**

वैष्णव ने उत्कर्ष ओड़िशा कार्यक्रम के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर देते हुए कहा इस पहल ने ओड़िशा को वैश्विक मंच पर स्थापित किया है, जिसने आइटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में अपनी अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है। ओड़िशा में आइटी पहलों के लिए 7,000 करोड़ के निवेश की घोषणा करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने भारत के डिजिटल परिदृश्य में राज्य के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया।

**सेमीकंडक्टर मिशनः एक गेम-चेंजर**

भारत के महत्वाकांक्षी सेमीकंडक्टर मिशन पर अपडेट साझा करते हुए, वैष्णव ने टिप्पणी की, जब प्रधानमंत्री ने 1 जनवरी, 2022 को मिशन की घोषणा की, तो दुनिया ने इसे संदेह के साथ देखा। सेमीकंडक्टर शिक्षा और नवाचार को और मजबूत करने के लिए, केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि ओड़िशा में सात अतिरिक्त विश्वविद्यालय और कॉलेज जल्द ही सेमीकंडक्टर कार्यक्रम शुरू करेंगे, जो पहले से चयनित चार के पूरक होंगे।

**एआइ मिशनः प्रौद्योगिकी के भविष्य का निर्माण**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए, वैष्णव ने खुलासा किया कि देश अपने स्वयं के बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) को लांच करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने भारत के एआई कंप्यूट इकोसिस्टम पर अपडेट भी साझा किये, जिसने 18,000 जीपीयू बनाने के लिए बोलियां आकर्षित की हैं, जो निवेशकों के लिए मजबूत विकास और अवसरों का संकेत देता है।

**प्रतिभा विकासः अगली पीढ़ी को सशक्त बनाना**

वैष्णव ने विश्व स्तरीय सुविधाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभाओं को पोषित करने पर सरकार के जोर पर प्रकाश डाला। उन्होंने 100 विश्वविद्यालयों में 5 जी प्रयोगशालाओं की स्थापना का उल्लेख किया, जो अब 240 विश्वविद्यालयों तक विस्तारित हो गयी हैं, जो अत्याधुनिक एऊअ उपकरणों तक पहुंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा, ओड़िशा के विश्वविद्यालय इस परिवर्तन में सबसे आगे हैं। रेलवे क्षेत्र में 73,000 करोड़ का निवेश। दूरसंचार में 5,033 करोड़ का निवेश। मेक इन ओड़िशा कांक्लेव 2025 में विभिन्न क्षेत्रों में राज्य की बढ़ती प्रमुखता को उजागर किया जा रहा है, जिसमें महत्वपूर्ण घोषणाएं और निवेश प्रौद्योगिकी और नवाचार में वैश्विक नेता के रूप में उभरने की इसकी क्षमता को रेखांकित करते हैं।

# रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए एलिवेटेड एप्रोच और एग्जिट रोड के निर्माण के लिए अनुमति दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए, ओड़िशा राज्य सरकार ने स्टेशन के मास्टर कैंटीन की तरफ एलिवेटेड ड्राइववे और एग्जिट रोड के निर्माण के लिए कार्य अनुमति दी है। यह विकास स्टेशन के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण घटक है और इससे समग्र परियोजना समय-सीमा में तेजी आयेगी। यह अनुमति विशेष रूप से भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा आवंटित भूमि पर एलिवेटेड एप्रोच और एग्जिट रोड के निर्माण की अनुमति देती है। यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि इस्ट कोस्ट रेलवे (इसीओआर) और बीडीए के बीच सहयोगी योजना को ध्यान में रखते हुए पुनर्विकास परियोजना सुचारू रूप से आगे बढ़े। व्यापक स्टेशन पुनर्विकास के हिस्से के रूप में, स्टेशन परिसर के भीतर पार्किंग क्षेत्रों और वाणिज्यिक स्थानों का विकास भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण के परामर्श से किया जायेगा। बीडीए उन्हें आवंटित भूमि पर व्यावसायिक क्षेत्र विकसित करने की भी योजना बना रहा है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि रेलवे स्टेशन और बीडीए दोनों के हित संरेखित हों, जिससे भविष्य के लिए एक आधुनिक, जीवंत स्टेशन परिसर का निर्माण हो सके। भारतीय रेलवे पुनर्विकास परियोजना में 419 करोड़ का निवेश कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं और सुख-सुविधाएं निर्मित होंगी। इसमें दोनों तरफ से प्रवेश, सभी प्लेटफॉर्म को जोड़ने वाला एक एयर-कांकोर्स, अलग-अलग प्रवेश और निकास बिंदु, लिफ्ट और एस्केलेटर, बैगेज सुरक्षा चेक-इन क्षेत्र, सूचना केंद्र, फूड प्लाजा, वेटिंग रूम आदि शामिल हैं।

# जिंदल स्टील एंड पावर ओड़िशा में 70,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी



**भुरकुंडा/भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने ओड़िशा में विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर 70,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है। यह घोषणा ओड़िशा में सतत औद्योगिक विकास और सामुदायिक उत्थान के प्रति जेएसपी की प्रतिबद्धता की परिचायक है। भुबनेश्वर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी उपस्थिति थे। यह आयोजन भारत के औद्योगिक विकास में ओड़िशा की महत्वपूर्ण भूमिका और राज्य के विश्व स्तरीय विकास केंद्र के रूप में उभरने का शुभ संकेत दे रहा था। हम 70,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेंगे, जिससे न केवल औद्योगिक विकास होगा, इसके साथ ही हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उत्कर्ष ओड़िशा 2025 कार्यक्रम ने भारत की आर्थिक प्रगति में ओड़िशा के महत्व को रेखांकित किया और सतत विकास के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग पर जोर दिया। पिछले एक दशक में कंपनी ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आजीविका, खेल, कला और संस्कृति पर केंद्रित स्थायी सामाजिक पहलों में 900 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे राज्य भर में अनगिनत लोगों के जीवन में बदलाव आया है।

## भाजपा नेता सह पूर्व आइजी ने धनवार क्षेत्र का दौरा किया

**राजधनवार (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बुधवार को धनवार क्षेत्र का दौरा किया। इस क्रम में बरजो स्थित पार्टी कार्यालय में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर सदस्यता अभियान की समीक्षा की। उन्हें अभियान के शेष बचे एक-दो दिनों में कार्यकर्ताओं से और जनसंपर्क और मेहनत करने का निर्देश दिया। सिंह ने बताया कि पार्टी द्वारा उन्हें मिले एक हजार सदस्य बनने के लक्ष्य को वे अपने प्रभार में पूरा कर चुके है और अभी अभियान जारी भी है। बैठक के बाद सिंह गरडीह भाजपा नेता अजय रंजन सिंह के घर पहूंचकर उनके पिता जी के श्राद्ध कार्यक्रम में भी सारिक हुए। मौके पर पवन सिंह, बबलू राय, रामलखन राम, मोती तुरी आदि मौजूद थे।**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.: 1, कार्य का नाम एवं स्थान:** "प्रस्तावित गढ़वा चरण–।। के लिए 25 केवी ओएचई का डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और किमी पर एलसी 39/एसपीएल/टी के बदले आरओबी के संबंध में ओएचई उल्लंघन कार्य को हटाना। 120/03–05 भुरकुंडा–पतरातू के बीच 35/बी/टी (एस एंड टी नंबर 13/बी/टी) किलोमीटर पर। डेमू–लातेहार और अन्य के बीच 217/10–12 आरयूबी/एलएचएस (4/सी/ई, 5/सी/टी, 6/सी/टी, 7/सी/ई, 10ए/सी/ई, 11/सी/टी, 16/सी/ई, 17/सी/टी, 19/सी/ई, 24/सी/टी, 26/सी/टी, डिप्टी सीईई/सी/एस/एमएचएक्स के तहत धनबाद डिवीजन के अंतर्गत 38/एसपीएल/ई, 28/सी/ई, आदि) किसी भी अन्य स्थान पर। निविदा संख्या : EL/C/S/MHX/ETEN/21/24-25., **क्रम सं. : 2, अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 5,66,09,343.26/–, **क्रम सं. : 3, जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं. : 4, कार्य पूर्ण करने का समय:** 06 माह, **क्रम सं. : 5, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 18.02.2025 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं. : 6, वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है।** : आई.आर.ई.पी.एस वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** पर, निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन, महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना–800004 में निविदा पट्ट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ,
पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना

पीआर/02019/कॉन/वि./टी/24–25/48

# इस्ट कोस्ट रेलवे ने ट्रैक पर सेल्फी लेने वालों को सचेत करने के लिए अभियान शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इस्ट कोस्ट रेलवे ने रेलवे ट्रैक के पास सेल्फी लेने की खतरनाक आदत के बारे में किशोरों और कॉलेज के छात्रों को सचेत करने के उद्देश्य से एक अभियान शुरू किया है। यह पहल दुर्घटनाओं में वृद्धि के जवाब में की गयी है, जिसमें युवा लोग रेलवे ट्रैक के पास लघु वीडियो शूट करने और सेल्फी लेने के प्रयास में दुखद रूप से अपनी जान गंवा देते हैं। रेलवे स्टेशनों या पटरियों पर सेल्फी लेना सोशल मीडिया पर एक मजेदार गतिविधि की तरह लग सकता है, लेकिन यह एक जानलेवा जोखिम है। हाल के वर्षों में, कई दुर्घटनाएं सामने आयी हैं, जहां छात्र या युवा असुरक्षित स्थानों पर सेल्फी लेते समय चलती ट्रेनों की चपेट में आ गए। इनमें से कई घटनाएं इसलिए हुई क्योंकि लोग अपने आस-पास के खतरों पर ध्यान नहीं दे रहे थे। इस बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए, भारतीय रेलवे ने सख्त नियम लागू किये हैं। रेलवे अधिनियम की धारा 147 और 153 के तहत, चलती ट्रेनों या रेलवे ट्रैक पर सेल्फी लेते पकड़े जाने पर भारी जुमार्ना, कानूनी परिणाम या यहां तक कि जेल भी हो सकती है।

**याद रखने योग्य सुरक्षा दिशा-निदेर्शः**

ट्रैक पर सेल्फी न लेंः रेलवे ट्रैक पर या उसके आस-पास कभी भी सेल्फी न लें। जोखिम उठाना इसके लायक नहीं है। कानूनी परिणामः खतरनाक जगहों पर सेल्फी लेने पर जुमार्ना या कारावास भी हो सकता है। क्लिक करने से पहले सोचें।

**छात्रों, स्कूलों और अभिभावकों के लिए कार्रवाई का आह्वानः**

छात्रों और किशोरों को याद दिलाता है कि आपका जीवन सोशल मीडिया पोस्ट से कहीं ज्यादा कीमती है। अपनी सुरक्षा की कीमत पर प्रसिद्धि के एक क्षण को न आने दें। स्कूल और कॉलेजः शैक्षणिक संस्थानों को इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। माता-पिता से अपील की जाती है कि वे अपने बच्चों को इन खतरों के बारे में सलाह दें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, अखबारों के विज्ञापनों, टीवी स्पॉट, सार्वजनिक घोषणाओं और सोशल मीडिया अभियानों जैसे विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग कर रहा है। सुरक्षा आपसे शुरू होती हैः रेलवे स्टेशन भीड़-भाड़ वाली जगहें हैं। तेज गति से चलने वाली ट्रेनों, बिजली के उपकरणों और यात्रियों की लगातार भीड़-भाड़ के कारण, विचलित होना कोई असामान्य बात नहीं है। लोगों से सुरक्षित निर्णय लेने की अपील की जाती है। याद रखें, सोशल मीडिया पर आपकी प्रसिद्धि का क्षण आपके या किसी और के जीवन की कीमत पर नहीं आना चाहिए। इन दिशानिर्देशों का पालन करके और रेलवे परिसर में सेल्फी लेने के बजाय हमेशा सुरक्षा को चुनकर खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखें।

## स्टेशनों पर जरूरतमंदों को मदद के लिए 24 घंटे आरपीएफ और रेल कर्मयोगी तैनात

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। महाकुंभ 2025 के मौनी अमावस्या के अमृत स्नान को लेकर भारतीय रेल ने व्यापक प्रबंध किया है। मंगलवार को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने इस संबंध में रेल भवन में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के लिए हम 29 जनवरी को कुल 360 ट्रेनें चला रहे हैं। प्रयाग महाकुंभ के किसी एक दिन के लिए ये भारतीय रेल का ऑल टाइम हाई नंबर है। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए सतीश कुमार ने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन विशाल जनसमूह पवित्र स्नान के लिए प्रयाग पहुंचता है। इसको ध्यान में रखकर रेलवे अपनी तैयारियों को अगले स्तर पर लेकर गया है।**

# भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में कोल इंडिया का नाम शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड को भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। नामचीन संस्था 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' द्वारा 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की 347 संस्थाओं की कार्यपद्धि के व्यापक सर्वे के पश्चात कोल इंडिया लिमिटेड को इस सम्मान से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता अपने कर्मियों के लिए एक सहायक और सशक्त वातावरण प्रदान करते हुए विश्वास, गर्व और सौहार्द की संस्कृति को विकसित करने की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। गौरतलब है कि एक समावेशी और टिकाऊ संगठन बनाने की प्रतिबद्धता के लिए कोल इंडिया को पहले ही 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' की मान्यता मिल चुकी है। कोल इंडिया, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न कंपनी है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में कोल इंडिया भारत की 80% से अधिक घरेलू कोयला मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए, कोल इंडिया भारत के ऊर्जा क्षेत्र और आर्थिक विकास में एक अग्रणी संस्थान की भूमिका निभा रही है।




# लोको पायलटों के लिए तनाव मुक्त प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खोरधारोड।** खोरधारोड मंडल ट्रैफिक कॉलोनी स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों के लिए तीन दिवसीय 'तनाव मुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम' आयोजित किया जा रहा है। खोरधारोड मंडल के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम करने वाले कुल 34 लोको पायलट और सहायक लोको पायलट इस तनाव मुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी- आधारित गैर सरकारी संगठनों में से एक 'आर्ट ऑफ लिविंग' के सहयोग से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्व स्तर पर लोगों को तनाव, चिंता, नकारात्मकता से छुटकारा पाने और तनाव मुक्त, शांत, प्रसन्न और शांतिपूर्ण मन प्राप्त करने के लिए सरल और व्यावहारिक उपकरणों और तकनीकों से मदद करने के लिए जाने जाते हैं। रेलवे के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट अपनी ड्यूटी के दौरान अक्सर बहुत तनाव से गुजरते हैं और उन्हें कार्यरत समय में उच्च स्तर की सतर्कता बनाये रखने की आवश्यकता होती है। सुरक्षित कार्य के लिए उन्हें ड्यूटी के दौरान तनाव मुक्त रहना आवश्यक है। भारतीय राजस्व सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी और आर्ट ऑफ लिविंग, भुवनेश्वर के प्रसिद्ध संकाय सदस्य ललित कुमार मोहंती और प्रदीप कुमार पटनायक, लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगासन, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया-एक शक्तिशाली श्वसन तकनीक जैसी व्यावहारिक, सरल तथा अत्यधिक प्रभावी विधियां के अंतर्गत है। खोरधारोड के मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन) शेख टी रहमान की उपस्थिति में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गयी और यह 31.01.2025 तक जारी रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अबनी कुमार महापात्र, मुख्य लोको निरीक्षक, मंडल रनिंग स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र, खोरधारोड द्वारा किया जा रहा है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**